# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 12 अगस्त 2026

संवत 2083, श्रावण कृष्ण 12 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 329, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ सोशल मीडिया और विश्वसनीयता

83 की उम्र में भी स्टाल बरकरार ◂◂ 6




### टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने एजीएम से पहले दिया इस्तीफा,कहा

# पछले एक दशक में टाटा संस का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान

104

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** टाटा ग्रुप के साथ चार दशक पूरे कर चुके एन चंद्रशेखरन ने बुधवार को समूह के प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल को एक बड़ा सम्मान और एक गहरी जिम्मेदारी बताया। टाटा संस के चेयरमैन के रूप में उन्होंने अपने कार्यकाल की समाप्ति के बाद दोबारा नियुक्ति नहीं लेने का फैसला किया है। उनका वर्तमान कार्यकाल 20 फरवरी 2027 को समाप्त होगा और उन्होंने कंपनी के बोर्ड को सूचित कर दिया है कि वह इसके बाद चेयरमैन पद के लिए अपना नाम नहीं देंगे। यह फैसला टाटा संस की 18 अगस्त को होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) से पहले सामने आया है। चंद्रशेखरन ने टाटा समूह में अपने 40 वर्षों के सफर को याद करते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठित संस्थान का हिस्सा बनना और इसके विकास में योगदान देना उनके लिए सम्मान की बात रही है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक तक टाटा संस का नेतृत्व करना उनके जीवन की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों और उपलब्धियों में शामिल रहा है। अपने बयान में उन्होंने कहा, ₹मैंने टाटा समूह में अपने पेशेवर जीवन के 40 वर्ष पूरे किए हैं। इस प्रतिष्ठित संस्थान के विकास में



योगदान देने का अवसर मेरे लिए अत्यंत संतोषजनक रहा है। पिछले एक दशक से टाटा संस का नेतृत्व करना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान और एक गहरी जिम्मेदारी रही है।

उन्होंने बताया कि उनका वर्तमान कार्यकाल 20 फरवरी 2027 को समाप्त हो रहा है। ₹सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट ने सर्वसम्मति से मेरे अगले कार्यकाल को पांच वर्षों के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव पारित किया था। इस प्रस्ताव की सिफारिश टाटा संस की नॉमिनेशन एंड रेम्यूनरेशन कमेटी और बोर्ड ने भी की थी। इसके बाद 24 फरवरी 2026 को इस प्रस्ताव को टाटा संस बोर्ड के समक्ष रखा गया था।₹

चंद्रशेखरन ने आगे कहा, ₹हालांकि यह प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ सका क्योंकि बोर्ड के एक सदस्य ने इसका समर्थन नहीं किया। सर्वसम्मति का समर्थन नहीं मिलने के कारण मैंने निर्णय को स्थगित करने का विकल्प चुना।₹

उन्होंने कहा कि उस बोर्ड बैठक को अब छह महीने हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है। ₹टाटा संस एक बहुत बड़ा संस्थान है और समूह की कई रणनीतिक परियोजनाएं इस समय महत्वपूर्ण चरण में हैं। फरवरी 2027 के बाद समूह का नेतृत्व करने के लिए नए नेता की स्पष्टता होना आवश्यक है। यह केवल संगठन के लिए ही नहीं, बल्कि कर्मचारियों, निवेशकों, साझेदारों और अन्य हितधारकों के लिए भी महत्वपूर्ण है।

अपने इस्तीफे के फैसले के बारे में उन्होंने कहा, ₹इन परिस्थितियों में मैंने आज पहले टाटा संस बोर्ड को सूचित कर दिया है कि 20 फरवरी 2027 को मेरा कार्यकाल समाप्त होने के बाद मैं दोबारा नियुक्ति के लिए अपना नाम प्रस्तुत नहीं करूंगा। मैंने बोर्ड से अनुरोध किया है कि वह जल्द से जल्द उत्तराधिकार पर निर्णय ले, ताकि नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो सके। बयान के अंत में उन्होंने सभी हितधारकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ₹मैं सभी हितधारकों के समर्थन के लिए आभारी हूं। सादर, चंद्रा।

गौरतलब है कि एन। चंद्रशेखरन 1987 में टाटा समूह से जुड़े थे। वर्ष 2009 में उन्हें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बनाया गया, जहां उन्होंने कंपनी को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इसके बाद 2017 में उन्हें टाटा संस का चेयरमैन नियुक्त किया गया था।

पिछले एक वर्ष के दौरान टाटा समूह को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। एयर इंडिया से जुड़े नियामकीय मामलों, टीसीएस पर मूल्य निर्धारण के दबाव और जगुआर लैंड रोवर पर हुए साइबर हमले जैसी घटनाओं ने समूह को प्रभावित किया। इसके अलावा टाटा संस और टाटा ट्रस्ट्स के बीच मतभेद पहले भी सामने आ चुके हैं। वर्ष 2016 में तत्कालीन चेयरमैन साइरस मिस्त्री को हटाए जाने के दौरान भी दोनों संस्थाएं सुर्खियों में रही थीं। अब चंद्रशेखरन के इस फैसले के बाद टाटा समूह के अगले नेतृत्व को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। निवेशकों, कर्मचारियों और उद्योग जगत की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि टाटा संस का अगला चेयरमैन कौन होगा और वह समूह को किस दिशा में आगे ले जाएगा।

## गढ़वा में वज्रपात की चपेट में आए तीन लोग, दो की मौत

**गढ़वा:** सदर थाना क्षेत्र के बलीगढ़ गांव में मंगलवार को हल्की बारिश के दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना के बाद लोगों ने तीनों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

मृतकों में बलीगढ़ गांव निवासी मजीद खान के पुत्र आशिक खान (50) और कमसी भुइयां के पुत्र राजू भुइयां (38) शामिल हैं। वहीं, मजीद खान के पुत्र वशी खान (55) घायल हुए हैं। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि तीनों अपने घर से दूर चेरी पोखर में बकरी चराने गए थे। इसी दौरान शाम में हल्की बारिश शुरू हो गई। बारिश के बीच अचानक वज्रपात हुआ और तीनों उसकी चपेट में आ गए। वज्रपात से तीनों गंभीर रूप से झुलस गए।

घटना की जानकारी मिलने के बाद लोग उन्हें तत्काल गढ़वा सदर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने आशिक खान और राजू भुइयां को मृत घोषित कर दिया। जबकि वशी खान का इलाज चल रहा है। घटना के बाद परिजन आशिक खान के शव को बिना पोस्टमार्टम कराए सदर अस्पताल से अपने घर ले गए। वज्रपात की घटना से गांव में शोक का माहौल है। इस बीच, घटना के बारे में गढ़वा थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि तीन लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए थे। इनमें से दो की मौत हो गई, जबकि एक का इलाज चल रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## शॉर्टकट विल कट यू शॉर्ट', प्रधानमंत्री मोदी का संदेश- 'शॉर्टकट के रास्ते से निकलें बाहर नौजवान'




**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की युवा पीढ़ी 'शॉर्टकट' के रास्ते से बाहर निकलने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि रील का जमाना है। सोशल मीडिया में इंफ्लूएंसर आपको खींचकर कहीं से कहीं ले जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की आत्मकथा 'ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिकः माई लाइफ, माई स्ट्रगल्स' का विमोचन किया। इस दौरान, पीएम मोदी ने युवा पीढ़ी से पूर्व राष्ट्रपति की आत्मकथा पढ़ने और उनके जीवन के अनुभवों व संघर्षों से सीखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ₹मैं युवा पीढ़ी से खासकर आग्रह करता हूं। रील का जमाना है। सोशल मीडिया में इंफ्लूएंसर आपको खींचकर कहीं से कहीं ले जाते हैं। इस शॉर्टकट के युग में भी एक बात जरूर याद रखें। रेलवे स्टेशनों पर कुछ लोगों को पटरी पर कूदकर जाने की आदत होती है। वह ब्रिज से होकर नहीं जाते हैं, लेकिन वहां (रेलवे स्टेशन) पर लिखा होता है- 'शॉर्टकट विल कट यू शॉर्ट'।

पीएम मोदी ने कहा कि अगर शॉर्टकट के रास्ते से बाहर निकलना है तो मैं नौजवानों से कहूंगा कि आपको जिसकी भी आत्मकथा पसंद हो, कृपया उसे पढ़ें। उन्होंने कहा कि आत्मकथा इतिहास की घटनाओं को अलग तरीके से समझने का अवसर देती हैं। वो कालखंड इतिहास के काफी निकट होता है।

इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद किया। उन्होंने राष्ट्रपति के तौर पर कोविंद के कार्यकाल के दौरान मिले मार्गदर्शन और स्नेह की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि कोविंद की आत्मकथा भारतीय लोकतंत्र और समाज के लिए एक 'अनमोल धरोहर' बनेगी।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ₹आज हमें रामनाथ कोविंद की आत्मकथा के विमोचन का अवसर मिला है। मुझे खुशी है कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है। रामनाथ कोविंद से बहुत लंबा परिचय रहा है। उन्हें करीब से जानने का भी अवसर मिला है। राष्ट्रपति के रूप में उनके मार्गदर्शन के साथ-साथ उनका मेरे प्रति विशेष स्नेह और आत्मीयता, यह मेरी बहुत बड़ी पूंजी रही है।₹

उन्होंने कहा कि रामनाथ कोविंद के जीवन को जितना समझा है, कार्य क्षमताओं को जितना जाना है, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि रामनाथ कोविंद की 'आत्मकथा' अपने आप में भारतीय लोकतंत्र और भारतीय समाज के लिए एक धरोहर बनेगी। कोविंद जी का समाज और राष्ट्र के लिए योगदान रहा है।

पीएम मोदी ने लोगों से अनुरोध करते हुए कहा कि रामनाथ कोविंद की जीवन यात्रा को उनके शब्दों में जानें। उनकी लेखनी और अनुभवों को देश की नई पीढ़ी पढ़े। इससे हर किसी को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। मैं रामनाथ कोविंद को इस 'आत्मकथा' के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

### पाकुड़ में पुलिस और व्यवसायी के घर से लाखों की चोरी

## मंगलसूत्र तक ले गए चोर, जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता**

**पाकुड़:** शहरी क्षेत्र के कई मोहल्ले में पुलिस और व्यवसायी के घर में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये की चोरी बीती रात की है। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोर मौके से फरार हो गया है। बुधवार की सुबह जब नगर थाना की पुलिस को सूचना मिली तो थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे और चोरी की घटना की जांच कर रही है।



मिली जानकारी के मुताबिक बड़ी अलीगंज स्थित एक सेवानिवृत डीएसपी एलबी राम के मकान में किरायेदार संजय कुमार भगत के घर खिड़की काटकर चोर घुसा था। जिसके बाद घर में रखे कीमती सामान चोरी कर फरार हो गया। चोरी को लेकर किरायेदार दीपा कुमारी ने कहा कि घर में रखे सोने का नेकलेस, मंगलसूत्र, अंगूठी, चेन और 10 ग्राम सोने का टुकड़ा एवं नगद चोरी हुई है।

**चोर ने गुलेल से पुलिस जवान पर किया हमला :** वहीं पाकुड़ एसपी के आवास में पदस्थापित जवान निसार अहमद के मधपाड़ा स्थित मकान से एक सोने की चेन एवं नगद की चोरी हुई है। घटना को लेकर निसार अहमद ने बताया कि वह ड्यूटी में था। जब देर रात घर लौटा तो लगभग आधा दर्जन अज्ञात चोर घर के दरवाजे पर बोलबम के ड्रेस में मौजूद थे। पूछने पर चोर उसपर गुलेल से हमला कर फरार हो गए।

**अधिवक्ता के घर चोरी का प्रयास :** इसके अलावा शहर के मुख्य डाकघर के निकट अधिवक्ता के मकान में चोरी करने का प्रयास किया गया। लेकिन चोरों को यहां कोई सफलता नहीं मिली। जानकारी के मुताबिक व्यवसायी संजय कुमार भगत अपना पैतृक घर अमड़ापाड़ा परिजनों के साथ गये थे और सरला कॉलोनी स्थित मकान में कोई नहीं था। जबकि पुलिस जवान निसार अहमत एसपी आवास पर ड्यूटी में थे।

इस मामले में नगर थाना की पुलिस अवर निरीक्षक सुरेंद्र कुमार मोची ने बताया कि एक मकान में चोरी की सूचना थाने में मिली थी और पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि जिस मकान में चोरी की घटना घटी है, उसको लेकर थाने में कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। इधर पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार घटना स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं।

## स्वतंत्रता दिवस पर झारखंड पुलिस के जांबाजों का होगा सम्मान, 29 अधिकारी-कर्मियों को मिलेंगे पदक

**संवाददाता**

**रांची:** स्वतंत्रता दिवस झारखंड पुलिस के लिए इस बार भी गौरव का अवसर लेकर आ रहा है। 15 अगस्त 2026 को राज्य के उन पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपनी वीरता, विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा के जरिए पुलिस विभाग का गौरव बढ़ाया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी सूची में कुल 29 अधिकारी-कर्मियों के नाम शामिल हैं। इनमें राष्ट्रपति पदक, वीरता पदक और सराहनीय सेवा पदक पाने वाले पुलिसकर्मी शामिल हैं।

**कैलाश प्रसाद श्रेष्ठ को राष्ट्रपति पदक :** विशिष्ट सेवा के लिए दिए जाने वाले राष्ट्रपति पदक (ढढट) के लिए अवर निरीक्षक कैलाश प्रसाद श्रेष्ठ का चयन किया गया है। वर्तमान में वह झारखंड सशस्त्र पुलिस बल-1, रांची में पदस्थ हैं। उन्हें यह सम्मान विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाएगा।




**पांच पुलिसकर्मियों को वीरता पदक :** वीरता के लिए पदक पाने वालों में लातेहार और जामताड़ा में तैनात पांच पुलिसकर्मी शामिल हैं। इनमें विनय कुमार, प्रमोद कुमार राय, आरक्षी/175 पेद प्रकाश महतो, रामचन्द्र कुमार महतो और आरक्षी कृष्णा मुर्मू के नाम शामिल हैं। इन सभी को ऋं'ल्ल३१८ टीं' (ऋट) के लिए चयनित किया गया है।

**सराहनीय सेवा के लिए 23 पुलिस अधिकारी-कर्मी :** सबसे अधिक संख्या सराहनीय सेवा पदक पाने वालों की है। इस श्रेणी में 23 पुलिस अधिकारी-कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें पुलिस महानिरीक्षक स्तर से लेकर पुलिसकर्मी तक शामिल हैं। सराहनीय सेवा पदक पाने वालों में आईपीएस डॉ माइकलराज एस, आईपीएस अन्नपू विजायलक्ष्मी, आईपीएस अनुरंजन किस्पोट्टा शामिल है।

इसके अलावा नीरज कुमार, अरुण कुमार, अरविंद कुमार पालित, वाशिष्ट कुंवर, संजय कुमार झा, विजय कुमार, मो इरफान, द्वारका मंडल, मानती खलखो, प्रभा देवी, मनोज कुमार राय, असीत कुमार मोदी, दीपक मुंडा, महेंद्र महतो, हवलदार विजय थापा, रंजिता कुजूर, विदेशी मांझी, अजय कुमार दुबे, पूजा अंडा और दीपक कुमार सिंह शामिल हैं। ये अफसर और कर्मी पुलिस मुख्यालय, एटीएस, एसटीएफ, विशेष शाखा, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड सशस्त्र पुलिस बल, संचार एवं तकनीकी सेवाएं तथा रांची, गढ़वा, चतरा, गुमला और अन्य स्थानों पर तैनात हैं।

**13 अगस्त तक रांची एसएसपी को रिपोर्ट करेंगे पदक विजेता :** पुलिस मुख्यालय ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पदक प्राप्त करने वाले अधिकारी और कर्मी 13 अगस्त 2026 की अपराह्न तक वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के समक्ष रिपोर्ट करें। यदि किसी अधिकारी या कर्मी का इस बीच स्थानांतरण या पदस्थापन हो गया है, तो संबंधित वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक या नियंत्रक पदाधिकारी को इसकी सूचना पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

**पदक पहनकर शामिल होंगे पुलिस अधिकारी-कर्मी :** स्वतंत्रता दिवस के अलंकरण समारोह को लेकर भी पुलिस मुख्यालय ने ड्रेस कोड तय किया है। अवर निरीक्षक स्तर से ऊपर के पुलिस पदाधिकारी डी१ड्ढल्लं' ऊ्१२२ (फी५्री६ ड१ीि१ 'इ'), पीक कैप, सम ब्राउन और क्रॉस बेल्ट के साथ पदक धारण कर समारोह में शामिल होंगे। वहीं अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी अपने प्राप्त पदक धारण कर उपस्थित रहेंगे।

**वीरता से सेवा तक सम्मानित होंगे पुलिस के चेहरे :** स्वतंत्रता दिवस पर मिलने वाले ये पदक सिर्फ सम्मान नहीं, बल्कि कर्तव्य के प्रति समर्पण, साहस और उत्कृष्ट पुलिस सेवा की पहचान हैं। इस बार झारखंड पुलिस के अलग-अलग विंग और जिलों से चुने गए इन 29 अधिकारी-कर्मियों को पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। किसी ने जोखिम के बीच वीरता दिखाई तो किसी ने वर्षों की उत्कृष्ट सेवा से विभाग का मान बढ़ाया। अब स्वतंत्रता दिवस के मंच पर इन पुलिसकर्मियों की मेहनत और समर्पण को सम्मान मिलेगा।

### एफसीआरए संशोधन बिल पर विपक्षी सांसदों ने सरकार से मांगा जवाब

## 'चढ़ावा किसने लूटा' पोस्टर लेकर किया प्रदर्शन




**नई दिल्ली(एजेंसी) ।** संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को एफसीआरए (विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम) संशोधन बिल को लेकर विपक्ष सांसदों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने 'राम मंदिर चढ़ावा किसने लूटा' का पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने एफसीआरए बिल को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में भेजने की मांग का समर्थन किया है। सपा सांसद अखिलेश यादव ने एफसीआरए संशोधन बिल पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि वह इसे क्यों लाना चाहती है। इसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों को दबाना और अपने फायदे के लिए व्यवस्था का इस्तेमाल करना है। अखिलेश ने कहा कि देश में लोकतंत्र मजबूत होना चाहिए और लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की जानी चाहिए। एफसीआरए बिल पर सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने बुनियादी ढांचे को लेकर भी सवाल उठाए। सरकार एयरपोर्ट बना रही है लेकिन उनमें पानी भर जाता है और एक्सप्रेसवे बनाए जा रहे हैं, जिनमें गड्ढे हो रहे हैं। उन्होंने सरकार के काम पर तंज कसते हुए कहा कि हवाई जहाज उड़ाने वालों और राज्य चलाने वालों के बीच उन्हें समानताएं नजर आ रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से जब एफसीआरए संशोधन बिल को जेपीसी में भेजे जाने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने इसका समर्थन किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपनी रणनीति के तहत आगे भी अपने मुद्दे उठाता रहेगा। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने भी एफसीआरए संशोधन बिल को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार की नीयत ठीक नहीं है तो ऐसे बिल को पारित करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद में कई ऐसे कानून पारित हुए हैं लेकिन बाद में वे प्रभावी तरीके से लागू नहीं हो सके या व्यावहारिक नहीं रहे। अवधेश प्रसाद ने छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित लाठीचार्ज, आंसू गैस और गोलीबारी को लेकर भी सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष लगातार मांग करता रहा है कि गृह मंत्री सदन में आएं और बताएं कि छात्रों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कौन जिम्मेदार था। उन्होंने सवाल उठाया कि गोली चलाने और अन्य कार्रवाई के आदेश किसने दिए। विपक्ष की दूसरी प्रमुख मांग अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावा चोरी को लेकर है।

तिरंगे को लेकर भी अवधेश प्रसाद ने कहा कि तिरंगा किसी बाजार से खरीदा हुआ झंडा नहीं है बल्कि इसे हासिल करने के लिए स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान असंख्य लोगों ने संघर्ष किया और अपना बलिदान दिया। उन्होंने महात्मा गांधी के नेतृत्व में चले स्वतंत्रता आंदोलन और शहीदों के बलिदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उसी संघर्ष के बाद देश को आजादी मिली और तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज के रूप में मिला। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा तिरंगा फहराने की बात कहे जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि आरएसएस से जुड़े लोग भी अपने कार्यक्रमों में तिरंगा फहराएंगे। टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने भी छात्रों के विरोध प्रदर्शन का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान गोलियां और पैलेट गन चलाई गईं, आंसू गैस के गोले छोड़े गए और लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि छात्रों से किए गए वादों में से कितने पूरे किए गए। कीर्ति आजाद ने गृह मंत्री अमित शाह के सदन में आकर जवाब देने की मांग को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि संसद का मौजूदा सत्र 20 जुलाई से चल रहा है और 13 अगस्त को इसका आखिरी दिन है, ऐसे में अब तक विपक्ष की मांग पर सरकार की ओर से जवाब क्यों नहीं आया। आरजेडी सांसद संजय यादव ने भी गृह मंत्री के बयान में देरी को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सत्र खत्म होने वाला है और अब सरकार विपक्ष की मांग पर गृह मंत्री का बयान दिलाने की बात कर रही है। उन्होंने इसकी तुलना ऐसे इलाज से की, जो किसी व्यक्ति की मौत के बाद उपलब्ध कराया जाए।

## समाचार सार

### बीडीओ व उपप्रमुख समेत 11 लोगों ने किया रक्तदान

**तोरपा :** सदर अस्पताल खूंटी स्थित रक्त केंद्र के तत्वावधान में बुधवार को तोरपा प्रखंड सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने स्वयं रक्तदान कर किया। वहीं तोरपा के उपप्रमुख संतोष कर समेत कुल 11 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में कुल 25 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया, जिसके बाद 11 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर बीडीओ नवीन चंद्र झा ने कहा कि रक्तदान महादान है। जिले के एकमात्र रक्त केंद्र में रक्त की कमी न हो, इसके लिए उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंडवार रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में तोरपा में यह शिविर लगाया गया।

उन्होंने कहा कि जिले में थैलेसीमिया और सिकल सेल से पीड़ित मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए युवाओं को बढ़-चढ़कर रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में भाग लेना चाहिए। सदर अस्पताल खूंटी के उपाधीक्षक डॉ. आनंद किशोर उरांव ने कर्मचारियों एवं उपस्थित लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है। शिविर को सफल बनाने में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुमिता कुमारी, सचिन मांझी, संतोष कुमार, रक्त केंद्र के सुशांत कुमार, ममता कुमारी, सुषमा कुजूर समेत अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### उन्नति पहिया योजना के तहत 62 छात्र-छात्राओं को मिली साइकिल, चेहरे पर दिखी खुशी



**चतरा :** जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय ढेबो में मंगलवार को उन्नति पहिया योजना के तहत 62 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना और उन्हें नियमित रूप से शिक्षा से जोड़ना है। साइकिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से डाहा पंचायत समिति सदस्य योगेंद्र कुमार यादव उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को साइकिल का सदुपयोग करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की ऐसी योजनाएं विद्यार्थियों की शिक्षा की राह को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक महावीर साहू, शिक्षक दिलीप कुमार यादव, मंटू कुमारी एवं शिक्षिका जयंती यादव सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यालय परिवार ने योजना के तहत साइकिल मिलने पर खुशी जताते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी पहल बताया।

### एसएसबी जवानों ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा, स्कूल में गूंजा वंदे मातरम



**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड के जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के ए समवाय कडीमाऊ की ओर से उत्क्रमित विद्यालय केडीमाऊ में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसएसबी जवानों ने हर घर तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को राष्ट्रध्वज के सम्मान और देशप्रेम का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में एसएसबी जवानों और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया। देशभक्ति गीत से पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के भाव से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। एसएसबी जवानों ने छात्र-छात्राओं को ह्यवंदे मातरम्ह्न के ऐतिहासिक महत्व और स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। जवानों ने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों से अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करने और देश के जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया गया।जवानों ने बच्चों को नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियों एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।एसएसबी जवानों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं और बच्चों के मन में देशभक्ति, अनुशासन, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है।मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं सहित एसएसबी के जवान मौजूद रहे।

### झारखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज, 15 अगस्त तक बारिश-वज्रपात का अलर्ट

**रांची :** झारखंड में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहने की संभावना है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार 12 से 14 अगस्त के बीच राज्य के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश और वज्रपात हो सकता है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

12 और 13 अगस्त को सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में भारी बारिश की संभावना जताई गई है, जबकि अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

13 अगस्त को दक्षिणी झारखंड में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं 14 अगस्त को रांची, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में भारी बारिश के साथ वज्रपात की आशंका है।

मौसम विभाग के अनुसार 15 अगस्त को रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, चतरा, पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा और गुमला में भारी बारिश एवं वज्रपात की संभावना है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के अन्य हिस्सों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी। मौसम विभाग ने लोगों से गरज-चमक के दौरान खुले मैदान, पेड़ और कमजोर संरचनाओं के नीचे खड़े होने से बचने की अपील की है।

# प्याज लदा ट्रक बरगद के पेड़ से टकराया एक घंटे तक केबिन में फंसा रहा ड्राइवर



संवाददाता

**खूंटी :** शहर के मुख्य पथ पर बुधवार की सुबह करीब 4 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एम बाजार के ठीक सामने प्याज लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बरगद के पेड़ से जा टकराया। हादसे में ट्रक चालक का दाहिना पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर डैशबोर्ड में फंस गया। चालक करीब एक घंटे तक ट्रक के क्षतिग्रस्त केबिन में ही फंसा रहा। घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों और खूंटी पुलिस ने काफी मशक्कत की। स्थिति को देखते हुए जेसीबी की मदद ली गई और करीब एक घंटे के प्रयास के बाद चालक को क्षतिग्रस्त ट्रक से बाहर निकाला

- 108 पर लगातार कॉल के बावजूद नहीं पहुंची एंबुलेंस
- पिकअप वैन से घायल को पहुंचाया अस्पताल; स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल

जा सका। घायल चालक की पहचान पलामू के डाल्टनगंज निवासी रोहित पांडे के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, ट्रक में प्याज लदा हुआ था और महाराष्ट्र से झारखंड के धनबाद की ओर जा रहा था। चालक रोहित पांडे ने बताया कि संभवतः झपकी आने के कारण ट्रक अनियंत्रित हुआ और बरगद के पेड़ से टकरा गया।

हादसे के बाद सबसे गंभीर सवाल सरकारी एंबुलेंस सेवा को लेकर उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार घायल चालक को ट्रक से बाहर निकालने के बाद तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस सेवा से संपर्क करने का लगातार प्रयास किया गया, लेकिन करीब एक घंटे तक कॉल करने के बावजूद कथित तौर पर कोई जवाब नहीं मिला और न ही मौके पर एंबुलेंस पहुंची। घायल की हालत को देखते हुए स्थानीय लोगों ने इंतजार करने के बजाय एक पिकअप वैन की व्यवस्था की और घायल चालक को उसी से अस्पताल पहुंचाया।

हादसे के दौरान करीब एक घंटे तक घायल चालक का पैर ट्रक के डैशबोर्ड में फंसा रहा। ऐसे में समय पर एंबुलेंस और चिकित्सा सहायता नहीं मिलने की घटना ने जिले की स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सेवा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार की ओर से 24 घंटे आपातकालीन एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध होने का दावा किया जाता है, लेकिन सड़क हादसे जैसी आपात स्थिति में यदि समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंचती और हेल्पलाइन पर भी जवाब नहीं मिलता, तो ऐसी व्यवस्था का आम लोगों को क्या लाभ मिलेगा।

इस घटना ने खूंटी में सड़क दुर्घटनाओं के दौरान तत्काल चिकित्सा सहायता और 108 एंबुलेंस सेवा की उपलब्धता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मामले की जांच कर आपातकालीन सेवा को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी गंभीर घायल को समय पर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जा सके।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण

# मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित

## निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने में सहयोग की अपील

चतरा : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सफल, पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद के निदेर्शानुसार उप निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं निर्धारित समय-सारणी की विस्तृत जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई।बताया गया कि प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 05 अगस्त 2026 को किया जा चुका है। इसके उपरांत 05 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। निर्धारित प्रक्रिया के तहत सत्यापन एवं निष्पादन की कार्रवाई के पश्चात 07 अक्टूबर 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

**22 एवं 23 अगस्त को मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर :** उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 08 एवं 09 अगस्त 2026 को मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इसी क्रम में 22 एवं 23 अगस्त 2026 को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में प्रपत्र-6, प्रपत्र-7 एवं प्रपत्र-8 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम विलोपन, संशोधन एवं स्थानांतरण से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि 25 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक होम-टू-रोल वेरिफिकेशन अभियान संचालित किया जाएगा। साथ ही 15 अगस्त 2026 को पंचायत भवनों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाना है।

**पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची जांचने की अपील :** बैठक में उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई। उनसे आग्रह किया गया कि वे पात्र मतदाताओं को निर्धारित तिथियों पर मतदाता सूची में अपना नाम जांचने तथा आवश्यकता के अनुसार दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए जागरूक करें।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि जिन मतदाताओं का नाम पूर्व विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची में दर्ज है, उन्हें सामान्यतः अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं नए पात्र मतदाताओं को निर्धारित प्रपत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होगा।उप निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना तथा त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना है। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अभियान के सफल एवं पारदर्शी संचालन में सक्रिय सहयोग की अपील की।

16 वीं चतरा जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

# विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 400 प्रतिभागियों ने किया हिस्सा





संवाददाता

**चतरा :** जिले के हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय में आज चतरा जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में हंटरगंज स्टेडियम में 16 वीं चतरा जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव राकेश कुमार सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता में पूरे जिले के विभिन्न सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों से लगभग 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा और जिला वॉलीबॉल संघ के सह सचिव व नेशनल खिलाड़ी मो शाहबान उपस्थित थे।जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव राकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में मेन वूमेन और 16,18 एवं 20 वर्ग के लिए 100 मीटर से लेकर 5000 मीटर तक की दौड़/लॉन्ग जंप/हाई जंप/गोला फेंक/चक्का फेंक/जेवलिन का आयोजन किया गया। श्री सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता के चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर पर धनबाद में 21 व 22 अगस्त को आयोजित झारखंड स्टेट सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में भाग लेंगे। आयोजन को सफल बनाने में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव गणेश महतो एवं दीपक कुमार,शारीरिक शिक्षक प्रियांश सिंह,सरदार तख्त सिंह और सरदार गुरमीत की मुख्य भूमिका रही।

चतरा में खुला रॉयल एनफील्ड का ऑथराइज्ड डीलरशिप राइडर पॉइंट

# पुलिस लाइन के समीप युगल किशोर लाल ने फीता काटकर किया उद्घाटन

## पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत कई गणमान्य लोग रहे मौजूद



संवाददाता

**चतरा :** जिले के रॉयल एनफील्ड के शौकीन बाइक प्रेमियों के लिए बड़ी सौगात मिली है। पुलिस लाइन के समीप मंगलवार को रॉयल एनफील्ड के नए डीलरशिप राइडर पॉइंट क्कका भव्य शुभारंभ किया गया। कंपनी के ऑथराइज्ड डीलर राइडर पॉइंट का उद्घाटन युगल किशोर लाल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर दर्जनों लोग मौजूद रहे।

**जीटी 650 से बुलेट 350 तक सभी मॉडल उपलब्ध :** संचालक प्रवीण लाल ने बताया कि शोरूम में रॉयल एनफील्ड के प्रमुख मॉडल उपलब्ध हैं। इनमें जीटी 650, इंटरसेप्टर 650, सुपर मेट्योर 650, बुलेट 650 और बुलेट 350 समेत कंपनी की विभिन्न बाइक रेंज शामिल हैं। ग्राहकों को विभिन्न कंपनियों के माध्यम से फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि नई डीलरशिप का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर और सुविधाजनक सेवा देना है। उदघाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि अब चतरा के लोगों को रॉयल एनफील्ड की बाइक खरीदने, फाइनेंस कराने, सर्विस कराने और जरूरी पाट्र्स व एक्सेसरीज लेने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। एक ही छत के नीचे ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया गया है।

**चतरा के युवाओं और बाइक प्रेमियों को मिलेगा लाभ :** वहीं मौके पर बतौर अतिथि पहुंचे पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने नई डीलरशिप के शुभारंभ पर संचालक को बधाई देते हुए कहा कि चतरा में प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल ब्रांड की अत्याधुनिक डीलरशिप खुलना जिले के लिए अच्छी बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे स्थानीय ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। नई डीलरशिप में अत्याधुनिक सर्विस सेंटर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इससे रॉयल एनफील्ड ग्राहकों को बाइक की सर्विस और मेंटेनेंस के लिए बेहतर व्यवस्था मिलेगी। उद्घाटन के साथ ही ग्राहकों के लिए डीलरशिप की सेवाएं शुरू कर दी गई हैं।

**सब डीलर से डीलर पाइंट में हुआ अपग्रेड.. :** गौरतलब है कि चतरा में राइडर पॉइंट पहले रॉयल एनफील्ड का सब-डीलर पॉइंट था। अब कंपनी की ओर से इसे विधिवत डीलर पॉइंट के रूप में विकसित किया गया है। नई डीलरशिप में ग्राहकों को बाइक की बिक्री के साथ सर्विस, फाइनेंस, स्पेयर पाट्र्स, अपैरल और एक्सेसरीज की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। मौके पर सुबे के पूर्व मंत्री और राजद के कद्दावर नेता सत्यानंद भोक्ता, रिजनल मैनेजर सुभजीत कुमार, एरिया मैनेजर सुमंत कुमार सिंह, गोपाल कुमार, संजय कुमार, नवनीत कुमार सिंहा, शेखर लाल, अभिजीत कुमार, अरविंद कुमार व देवचरण कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### छात्रों पर लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण : सुनील कुमार सिंह



**रांची :** भाजपा नेता सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने झारखंड की राजधानी रांची में जेपीएससीझ्र जेएसएससी परीक्षाओं में हुई धांधली के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे निहत्थे छात्रों पर रात के अंधेरे में पुलिस द्वारा किया गया लाठीचार्ज को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, कायरतापूर्ण और अति निंदनीय बताया। कहा की हम महागठबंधन की हेमंत सरकार द्वारा इस बर्बर पुलिसिया कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार इस कथित घोटाले में संलिप्त अपराधियों पर नकेल कसते हुए कानूनी कार्रवाई कर सजा देने और अपने भ्रष्ट सिस्टम को चार्ज करने के बजाय, शांतिपूर्ण तरीके से अपना हक मांग रहे, छात्र-छात्राओं पर लाठीचार्ज करवा रही है। कहा एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे छात्र-छात्राओं और युवाओं पर इस तरह की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा छात्राओं पर अभद्रतापूर्ण व्यवहार करते हुए लाठियां बरसाई गई, जो काफी निंदनीय है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि यदि छात्राओं पर कार्रवाई करनी हीं थी, तो महिला पुलिसकर्मी कहां गई थी.? महिला पुलिसकर्मी के बजाय, पुरुष पुलिसकर्मियों के द्वारा छात्राओं पर लाठियां क्यों बरसाई गई..? कहा कि छात्रों के आंदोलन को कुचलना और दबाने के लिए कंटीला तार लगाए गए, आंसू गैस के गोले छोड़े गए, लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल कर छात्रों पर अत्याचार किया गया। छात्राओं के कपड़े तक फाड़ दिए गए, मीडिया तक को भी नहीं छोड़ा गया, कैमरे तोड़े गए, उन्हें पीटा गया। यह सारी चीज राज्य सरकार द्वारा राहुल गांधी के इशारे पर किया गया। इस बर्बरतापूर्ण रवैया को झारखंड के छात्र-छात्राओं एवं युवा कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे! सुनील सिंह ने युवाओं से संयम, एकजुटता और शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग रखने की अपील की। कहा कि इस दमनकारी नीति से छात्रों की आवाज को दबाई नहीं जा सकती। श्री ने कहा कि छात्र किसी भी राज्य की सबसे बड़ी ताकत और भविष्य होते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं, नियुक्तियों और परीक्षा व्यवस्था से जुड़ी उनकी मांगों को गंभीरता से सुनना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है। कहा कि आंदोलन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन का दायित्व है, परंतु लाठीचार्ज किसी भी समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो सकता.? छात्रों की जायज मांगों पर संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ विचार करना चाहिए। और छात्रों के भविष्य की चिंता करते हुए छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले दोषियों पर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई किया जाना चाहिए। ताकि आने वाले दिनों में छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने की किसी भी शख्स हिमाकत न कर सके।

### फ्लिपकार्ट कर्मी से लूटपाट के आरोपी आशुतोष कुमार राम को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने खूंटी में फ्लिपकार्ट कर्मी के साथ लूटपाट के मामले में आरोपी आशुतोष कुमार राम को जमानत दे दी है। यह मामला खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान आरोपी को राहत देते हुए कुछ शर्तों के साथ जमानत मंजूर की। जानकारी के अनुसार, फ्लिपकार्ट कर्मी के साथ लूटपाट की घटना अगस्त 2025 में हुई थी। घटना के बाद पीड़ित की शिकायत पर खूंटी के कर्रा थाना में कांड संख्या 35/2025 दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए घटना के कुछ दिनों बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से आरोपी न्यायिक हिरासत में थे।

**हाईकोर्ट में दाखिल की थी जमानत याचिका :** न्यायिक हिरासत में रहने के बाद आरोपियों की ओर से जमानत के लिए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। आशुतोष कुमार राम की जमानत याचिका पर न्यायमूर्ति रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत में सुनवाई हुई।

## जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा विवाद: 19वें दिन भी जारी छात्रों का धरना, मुख्यमंत्री से सीधी वार्ता की मांग

**रांची :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की नियुक्ति परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में अभ्यर्थियों का आंदोलन लगातार जारी है। रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में चल रहा छात्रों का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 19वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के पहले दिन से ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी स्टेडियम परिसर में डटे हुए हैं। वहीं, कई छात्र अपनी मांगों के समर्थन में भूख हड़ताल पर भी बैठे हैं।

प्रशासन की ओर से आंदोलन समाप्त कराने और छात्रों से बातचीत के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक गतिरोध खत्म नहीं हो सका है। प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं और सरकार से ठोस पहल की मांग कर रहे हैं।

आंदोलन की अगुवाई कर रहे युवा नेता रवींद्र पासवान ने सरकार से छात्रों के साथ सीधे संवाद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आंदोलन का 19वां दिन पूरा हो चुका है, लेकिन छात्रों की मांगों पर अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार छात्रों की जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, आंदोलन जारी रहेगा।

रवींद्र पासवान ने मुख्यमंत्री से स्वयं पहल करने की अपील करते हुए कहा कि छात्र मुख्यमंत्री की मौजूदगी में अपनी प्रमुख मांगों पर सीधे बातचीत करना चाहते हैं। उनका कहना है कि सरकार को युवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के भविष्य को गंभीरता से देखते हुए इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए।

इधर, आंदोलन स्थल पर स्थिति का जायजा लेने और भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों को अनशन समाप्त कराने के लिए जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे। अधिकारियों ने छात्रों के स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उनसे भूख हड़ताल समाप्त करने की अपील की।

हालांकि, छात्रों ने प्रशासन की अपील को स्वीकार नहीं किया। छात्र नेताओं का कहना है कि जब तक परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच और प्रभावित परीक्षाओं को लेकर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी।

प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों का आरोप है कि राज्य में आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। पेपर लीक और अन्य कथित अनियमितताओं के मामलों से लंबे समय से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं में असंतोष बढ़ रहा है। छात्रों का कहना है कि ऐसी घटनाओं से न सिर्फ उनकी मेहनत प्रभावित होती है, बल्कि उनका भविष्य भी अनिश्चितता में चला जाता है।

छात्रों की प्रमुख मांगों में परीक्षा प्रक्रिया की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच, कथित अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई और प्रभावित परीक्षाओं को लेकर पारदर्शी निर्णय शामिल हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार जब तक इन मुद्दों पर स्पष्ट और ठोस कदम नहीं उठाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## झामुमो नेता सुजित कुजूर घर की छत से गिरे, हालात नाजुक

**रांची :** झामुमो नेता व पूर्व मेयर प्रत्याशी सुजित कूजूर अपने घर के छत से गिर गए हैं. उन्हें गंभीर चोटें आई हैं. सुजित कूजूर को बरियातु स्थित सीएनएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालात गंभीर बनी हुई है.

बताया जाता है कि सुजित कुजूर अपने आवास के छत पर कुछ काम करने के लिए गए थे. इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह छत से नीचे गिर गए, ऊंचाई से गिरने की वजह से उन्हें काफी चोट लगी है. फिलहाल उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# 14वीं जेपीएससी परीक्षा गड़बड़ी: पूर्व सदस्य जमाल अहमद से सीआईडी ने की पूछताछ

**संवाददाता**

**रांची:** 14वीं झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा के परिणाम में कथित गड़बड़ी और अनियमितताओं के मामले में जांच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब जांच की आंच आयोग के पूर्व पदाधिकारियों तक पहुंच गई है। इसी क्रम में झारखंड लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य जमाल अहमद बुधवार को रांची स्थित अपराध अनुसंधान विभाग मुख्यालय पहुंचे। यहां विशेष जांच टीम ने उनसे मामले को लेकर पूछताछ की।

**समन के बाद पूछताछ के लिए पहुंचे जमाल अहमद :** अपराध अनुसंधान विभाग ने 14वीं झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा मामले की जांच के सिलसिले में जमाल अहमद को समन जारी कर पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया था। समन के आधार पर वह निर्धारित समय पर मुख्यालय पहुंचे। अधिकारियों ने परीक्षा प्रक्रिया, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन और परिणाम तैयार करने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर उनका बयान दर्ज किया।

**अभय तिवारी के बयान के आधार पर जांच :** सूत्रों के अनुसार, मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी अभय तिवारी के बयानों के आधार पर जमाल अहमद से पूछताछ की जा रही है। जांच एजेंसी अभय तिवारी द्वारा दिए गए बयानों और उपलब्ध साक्ष्यों का सत्यापन कर रही है। इसी क्रम में दोनों पक्षों से जुड़ी जानकारी का मिलान किया जा रहा है।

**अब तक 20 आरोपी गिरफ्तार :** 14वीं झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में कथित गड़बड़ी के मामले में अपराध अनुसंधान विभाग की कार्रवाई लगातार तेज हो रही है। जांच के दौरान अब तक कुल 20 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें आयोग के पूर्व पदाधिकारी भी शामिल हैं।

**दो दिन पहले पूर्व अध्यक्ष एल। खियांग्ते की हुई गिरफ्तारी :** गौरतलब है कि 10 अगस्त को झारखंड लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एल। खियांग्ते को भी अपराध अनुसंधान विभाग ने गिरफ्तार किया था। पूर्व अध्यक्ष की गिरफ्तारी के बाद अब आयोग के अन्य पूर्व पदाधिकारियों से पूछताछ किए जाने से मामले की जांच और आगे बढ़ने की संभावना है। अधिकारियों का फोकस परीक्षा प्रक्रिया से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन और परिणाम तैयार करने तक की पूरी प्रक्रिया की जांच पर है।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की वार्षिक आम सभा 30 अगस्त को

**रांची :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की पंचम स्थायी समिति की बैठक प्रांतीय कार्यालय मारवाड़ी भवन में प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सम्मेलन की पूर्व बैठकों में लिए गए निर्णयों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को व्यापक स्तर पर संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की वार्षिक आम सभा 30 अगस्त को मारवाड़ी भवन में आयोजित की जाएगी। आम सभा में संगठन की गतिविधियों, संविधान संशोधन, सामाजिक आचार संहिता, आगामी कार्ययोजनाओं तथा विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।



बैठक के दौरान 19 जुलाई को देवघर में आयोजित तृतीय कार्यसमिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। सम्मेलन के प्रांतीय महामंत्री विनोद कुमार जैन ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रांतीय पदाधिकारियों ने 17 से 19 जुलाई तक साहिबगंज, दुमका, गोड्डा एवं देवघर का दौरा कर संबंधित जिला सम्मेलनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ बैठक की। इन बैठकों के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा स्थानीय स्तर पर सामाजिक कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विचार-विमर्श किया गया।महामंत्री ने बताया कि झारखंड के सभी प्रमंडलों में शीघ्र ही प्रमंडलीय अधिवेशन आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा सम्मेलन को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वृहद स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाजहित एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को और व्यापक बनाने पर भी बल दिया गया बैठक के अंत में सम्मेलन के प्रांतीय वरीय उपाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रांतीय संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक में ओम प्रकाश अग्रवाल, कमल कुमार केडिया, ललित कुमार पोद्दार, पवन पोद्दार, विनोद कुमार जैन, राजेंद्र केडिया, मनोज चौधरी, पवन कुमार शर्मा, सज्जन पाड़िया, निर्मल बुधिया, प्रमोद सारस्वत, संजय सर्राफ, कमलेश संचेती, रमाशंकर बगड़िया, किशन पोद्दार,विजय कुमार खोवाल, रिंकू अग्रवाल, कमल शर्मा सहित सम्मेलन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**मुरी :** आज सड़क दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो हुए। जिसको पुलिस अपने पुलिस गाड़ी से घायलों को सिंगपुर नर्सिंग होम में भर्ती कराया । एक की हालत गंभीर है। सुत्रों के अनुसार नेमरा निवासी सुभाष टुडु, लखिन्द्र और एक (पुलिस को नाम पता नहीं)मोटरसाइकिल पर थे। कुतरू पेट्रोल पम्प के पास बेलोरो के टक्कर में घटना घटी। मोटरसाइकिल सवार के बैग बगैर बिखर गया था। एक घायल को पुलिस अन्यत्र जगह इलाज के लिए भेजी। पुछने पर पुलिस ने बताया कि वो अभी जिन्दा है।

## मिसिर बेसरा समेत तीन हार्डकोर नक्सलियों को भेजा गया जेल



**धनबाद :** 14 दिनों की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य और 2 करोड़ 20 लाख रुपये के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा समेत तीन हार्डकोर नक्सलियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आज बुधवार को तीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच धनबाद लाया गया। इसके बाद सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराई गई और फिर जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी की गई। बताते चलें रांची में करीब 11 दिनों तक ठक्अ, क्ह और झारखंड पुलिस की टीमों ने तीनों से पूछताछ की।

31 जुलाई को पुलिस रिमांड मिलने के बाद मिसिर बेसरा समेत तीनों नक्सलियों को कड़ी सुरक्षा के बीच रांची ले जाया गया था, जहां करीब 11 दिनों तक विभिन्न केंद्रीय और राज्य जांच एजेंसियों ने उनसे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान ठक्अ, क्ह और झारखंड पुलिस के अधिकारियों ने माओवादी संगठन के नेटवर्क, फंडिंग, हथियारों की सप्लाई और संगठन से जुड़े सहयोगियों के बारे में जानकारी जुटाई।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़**

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना (1st Call)**

निविदा सं० :- DWSD/RGH/10/2026-27 Date :- 10.08.2026

| Sl. No. | Name of Work | Details | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| 1 | Shifting of pipe line coming under Ramgarh-Dulmi - Chitarpur Part "B" Pipe water supply scheme from Matkama Chouk To Chutupalu at Ramgarh Block under DW&S Division Ramgarh for the year 2026-27. on Turn-Key Basis | 40,06,677.00 | 81,000.00 | 5,000.00 | 3 Month |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 17.08.2026 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 25.08.2026 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 25.08.2026 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 26.08.2026 समय 05.00 बजे अपराहन्। | | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़। | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पदनाम | ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़। | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं० | 06553-223193 | | | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं० | 0651-2480345 | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे। बेवसाइड पर अपलोड की जाने वाली सभी कागजात स्वच्छ एवं पठनीय प्रति अपलोड करेंगे ताकि पढ़ा जा सके। स्वच्छ एवं पठनीय प्रति अपलोड नही किये जाने पर निविदा अमान्य कर दी जायेगी।
नोट:–. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,रामगढ़

PR 387180 Drinking Water and Sanitation(26-27)#D

# ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव का अदम्य साहस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में गौरवपूर्ण स्थान रखती है: प्रेम प्रकाश शाहदेव

## रांची जिला क्षत्रीय समाज ने ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**संवाददाता**

210



**रांची :** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम 1857 के सिपाही विद्रोह के जननायक अमर सेनानी ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 209 वीं जयंती के अवसर पर एचइसी सेक्टर 3 स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव प्रतिमा पर अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव स्मृति मंच के सदस्यों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव स्मृति मंच के अध्यक्ष लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव के नेतृत्व में क्षत्रिय समाज सहित समाज के अन्य वर्ग के लोगों के द्वारा ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव चौक सेक्टर 3 स्थित ठाकुर साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवम पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मौके पर उपस्थित लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव ने कहा कि अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जी का नाम उनकी अदम्य साहस,वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम,दृढ प्रण और अटूट देशभक्ति के लिये इतिहास में गौरवपूर्ण स्थान रखती है। उन्होंने अंग्रेजो की अधीनता कभी स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया,अतंत अंग्रेजों ने धोखे से उन्हें पकड़ा और फांसी पर लटका दिया।

उन्होंने कहा कि ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव ने अनगिनत युवाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि ठाकुर साहब का संकल्प पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

उन्होंने कहा कि ठाकुर साहब अपनी मातृभूमि और नागरिकों की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व त्याग कर अंग्रजो से लड़ा। समाज के सभी लोगों को आगे आकर अमर शहीदों को याद करना चाहिए और उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

श्री शाहदेव ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि अमर शहीदों की गाथा स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए ताकि राज्य की युवा पीढ़ी उनके अदम्य साहस,पराक्रम और अटूट देशभक्ति को जाने और उनसे प्रेरणा ले। झारखंड़ क्रिकेट स्टेडियम का नामकरण अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नाम पर करने की,शहीद मैदान से लेकर न्यासराय तक कि सड़क का नामकरण उनके नाम पर करने तथा अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के वंशजो को उनका हक और अधिकार देने की मांग की।

सभा को कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुनील सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज बड़ी खुशी की बात है कि ठाकुर साहब की शहादत दिवस के अवसर पर समाज के सभी वर्ग और सभी दलों के सदस्य यहाँ उपस्थित होकर देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जी को अपनी श्रद्धांजलि देने यहां आए हैं। देश के अमर शहीदों ने देश को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति दिलाने हेतु समाज के सभी वर्ग के लोगों को अपने साथ जोड़ा और अंग्रेजों से लोहा लेने का काम किया। अमर शहीद किसी जाति,किसी धर्म या किसी समुदाय के न होकर देश के धरोहर होते हैं।

मौके पर आशिष शाहदेव ने कहा कि झारखंड़ के अमर शहीदों की जानकारी इतिहास के पन्नो में जितना होना चाहिए उतना नहीं है। अतः राज्य सरकार को ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जी की जीवनी को स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी उनके बारे में जान सके।

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सूरज शाहदेव ने श्रद्धासुमन अर्पित किया और कहा कि अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को 16 अप्रैल 1858 को रांची जिला स्कूल के समक्ष कदम के वृक्ष की डाली पर प्रातः 5:30 बजे अंग्रेजों द्वारा फांसी पर लटका दिया गया था। इनकी पूरी बड़कागढ़ इस्टेट को अंग्रेजों ने अपने अधीन कर ली थी। ठाकुर साहब का गढ़ हटिया स्थित चिरनागढ़ को तोप से उड़ाकर ध्वस्त कर दिया गया था। उनकी धर्मपत्नी और एकमात्र पुत्र को मारने का ब्रिटिश सरकार ने षड़यंत्र रचा। जिसके परिणाम स्वरूप ठकुरानी को गढ़ छोड़कर भागना पड़ा और 12 साल निर्वासित जीवन गुमला स्थित खोरहा जंगल में बिताया। मिताक्षरी कानून के तहत जब उनके पुत्र ठाकुर कपिल नाथ शाहदेव की उम्र 13 वर्ष हो गयी, तब रानी प्रकट हुईं और कोलकाता विलियम फोर्ट में केस दर्ज किया। परंतु रानी को निराशा ही हाथ लगी।

समारोह में प्रेम प्रकाश शाहदेव, अमर शहीद की पौत्र बहु धिराज शाहदेव,विनोद नाथ शाहदेव, नाथ शाहदेव,प्रमोद शाहदेव,सुबोध शाहदेव,विभय शाहदेव,सूरज शाहदेव,सुनील सिंह हेसल,चंपा मुंडा,बिकाश शाहदेव,लाल प्रमोद सिंह, जयप्रकाश शाहदेव, उपेंद्र पांडेय,राजेश चंद्र राजू,अभिनाश सिंह,नितेश कुमार सिद्धार्थ,सत्यनारायण ठाकुर ,रवि प्रकाश उरांव, शंकर ठाकुर,भोला साहू,श्रवण कुमार,इस्तियाक अहमद टुन्नू,कृष्ण कुमार सिंह,लक्ष्मीनारायण सिंह,अतेश शाही,रंजीत सिंह,संजीव सिंह, मनोज कुमार,बिजय,अरविंद,राजीव श्रीवास्तव, संतोष शाहदेव,शंकर शाहदेव,सईद अंसारी,महावीर सिंह,कयूम अंसारी,परमेश्वर तिवारी,देवेंद्र महतो,मुखिया प्रदीप सिंह, नंदकिशोर सिंग,माहेश्वरी सिंह, अकमल अंसारी,रफीक अंसारी इश्तियाक अहमद,राजेशचंद्र साहू,कृष्ण कुमार सिंह, जीवेश सिंह सोलंकी, मनीष सिंह,बबलू महतो, राजकुमार महतो,प्रेम गोप,पंकज भगत,रमेश बैठा,जाकिर अंसारी,सूरज गोप, निश्चय ठाकुर,पवन भगत,राजेश महतो,शशि महतो, रोहित महतो,कृष्णा सिंह,कुलदीप तिवारी,रंजीत सिंह,सत्यनारायण ठाकुर,रामेश्वर दयाल,सुनील सिंह,गुप्तेश्वर सिंह,सत्यप्रकाश माली,परवेज अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Office of the Gumla Nagar Parishad, Gumla**

**Rate Quotation Notice**

Sealed Quotations are invited for Office use from reputed manufacturer/Agency or their authorized dealer/Supplier of having relevant experiences in the office of under signed for purchase of following equipment's :-

(1) Name of Advertiser :- Executive Officer, Nagar Parishad, Gumla.
(2) Date and Time of receiving of Quotations :- 19.08.2026 up to 03:00 PM
(3) Date & Time of Opening of Quotations :- 19.08.2026 at 03:30 PM
(4) Place of receiving & Opening of Quotations :- Gumla Nagar Parishad, Gumla.
(5) Scope of Works :-

| Sl. No | Specification | Brand | Price/Unit (Including all taxes) |
|---|---|---|---|
| 1 | Desktop Core Ultra5/ Core i5 Processor, 512gb NVMe SSD, 8/16GB DDR5 Ram, Integrated Graphics, Compatible B-Series Motherboard, 19" Full HD LED HDMI Monitor, Window-11 pro 64 bit Keyboard, Mouse with double Battery UPS | | |
| 2 | All in One Wi-Fi Printer (B & W) 33-40 PPM Monochrome laser MFP Multifunction/Duplex | | |
| 3 | NVMe PCIe 512 GB SSD | | |
| 4 | Computer Table | | |
| 5 | UPS Double Battery | | |
| 6 | Automatic Scanner Machine (ADF + Duplex) | | |
| 7 | Drone Camera Professional GPS, 48 MP or higher, 4K@30/60 fps, Intelligent Li-ion/Lipo Battery, Automatic RTH + Low Battery/Failsafe RTH, Micro SD support 128 GB storage, remote control, Geofencing, low battery warning signal-loss protection | | |
| 8 | Chargeable Crowd Control Loudspeaker with inbuilt mick (Portable Rechargeable PA loudspeaker, 40 Watt RMS, 8-10 inch full- range speaker, 12V 7Ah or higher rechargeable battery, 1 wireless UHF + 1Wired Microphone, Bluetooth + USB + AUX, Voice recording, Moster Volume + Mic Volume, 220 -240 AC Charging | | |
| 9 | Standard full sized USB Keyboard | | |
| 10 | Optical Wired Mouse | | |

**नोट :–** निविदा में भाग लेने वाले व्यक्ति को अद्यतन आयकर प्रमाण–पत्र, जी०एस०टी० प्रमाण–पत्र, अद्यतन जी०एस०टी० प्रमाण प्त्र, उनके द्वारा कोटेड दर MRP से अधिक नहीं है, से संबंधित शपथ–पत्र एवं अन्य संबंधित आवश्यक दस्तावेज अपने कोटेशन के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। आपूर्तित सामग्री ISO/ISI होना अनिवार्य होगा। सरकारी कार्यालयों में उपरोक्त सामग्री आपूर्ति करने से संबंधित अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

PR.NO.387227 District(26-27):D

कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला नगर परिषद, गुमला।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## अगस्त क्रांति का श्रेय

भारतीय स्वतंत्रता 78 वर्ष की हो गई है। अगस्त स्वाधीनता और क्रांति की पवित्र यादों का महीना है। 1942 की क्रांति ने ब्रिटिश सरकार के छक्के छुड़ा दिए थे। 9 अगस्त 1942 के दिन ह्यभारत छोड़ोह्य आंदोलन की घोषणा हुई। संयोग है कि 5 वर्ष बाद अगस्त में ही भारत स्वाधीन भी हुआ। अगस्त क्रांति में पूरा देश सम्मिलित था। कांग्रेस बेमन आन्दोलन का हिस्सा बनी। कांग्रेस कार्यकारिणी (1954) ने एक प्रस्ताव द्वारा अगस्त क्रांति में हुई तोड़फोड़ की निंदा की। इसे दिशाहीन पथ विचलन बताया। प्रस्ताव में प्रमुख कांग्रेसी नेताओं की गिरफ्तारी के कारण भारत की जनता को ह्यमार्गदर्शन विहीनह्य बताया गया। अगस्त क्रांति के दो प्रमुख संचालकों अच्युत पटवर्धन व अरुणा आसफ अली ने कांग्रेस अध्यक्ष को 1946 में पत्र लिखा, ह्लआपने जानबूझकर इस तथ्य की अवहेलना की है कि हम लोगों ने आपकी गैरमौजूदगी में दिशा और मार्गदर्शन प्रस्तुत करने का संकल्पपूर्ण प्रयास किया। आपकी राय में अपनाए गए तौर-तरीके अहिंसा की कांग्रेसी नीति से सुसंगत नहीं रहे। जिनके प्राण गए उनकी शहीदी तारीफें लेकिन उनके कार्य की निंदा विरोधाभासी है।ह्ल (कांग्रेस एंड दि क्विट इंडिया मूवमेंट, एसआर बख्शी, पृ. 237-44)। कांग्रेस ने आंदोलन कर्म की निंदा की और कर्मफल का मजाक उड़ाया। कहा जाता है कि ह्यअगस्त क्रांतिह्य जयप्रकाश नारायण, अच्युत पटवर्धन, डॉ. राममनोहर लोहिया और अरुणा आसफ अली जैसे समाजवादी नेताओं की रणनीति से कामयाब हुई। महात्मा गांधी ने अगस्त, 1944 में कहा था, ह्ल9 अगस्त, 1942 का दिन मैंने आत्मनिरीक्षण और समझौते के लिए बातचीत का सूत्रपात करने के लिए निश्चित किया था लेकिन सरकार व भाग्य ने कुछ और ही सोच रखा था। तोड़फोड़ और बहुत सारी चीजें कांग्रेस अथवा मेरे नाम पर की गईं।ह्ल (संपूर्ण गांधी वाङ्मय 78/12)। गांधी और कांग्रेस ने पूरे क्रांति कर्म और धर्म को ही गलत बताया लेकिन इतिहास ने क्रान्तिकारियों को प्रतिष्ठा दी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लीलाधर शर्मा अगस्त क्रांति के एक कार्यकर्ता थे। शर्मा ने अपनी किताब ह्यस्वतंत्रता की पूर्व संध्याह्य में लिखा, ह्लसंगठित रूप से यदि आंदोलन में कोई कार्य किया गया तो समाजवादी कार्यकताओं की ओर से। नेताओं की गिरफ्तारी के बाद मुंबई सरकार की आँखों में धूल झोंककर उन्होंने देश को एक कार्यक्रम दिया। वे ही अंत तक आंदोलन की ज्योति को जलाए रखने वाले भी थे। भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को समझने के लिए 1920-30 के बीच के 10 वर्ष महत्त्वपूर्ण हैं। इस दशक में कांग्रेस मृतप्राय थी। गांधी भी करीब-करीब अलग थे, लेकिन कांग्रेस ने इसी दशक के आखिर (1929) में पूर्ण स्वराज की माँग की। इसकी मोटामोटी 6 वजहें थीं - (1) ब्रिटेन में लेबर पार्टी जीती और भारत के कथित मित्र रेम्जे मैकडोनाल्ड प्रधानमंत्री बने। वायसराय ने अक्टूबर 1929 में घोषणा की कि साइमन रिपोर्ट के बाद सर्वदलीय गोलमेज सम्मेलन होगा। (2) इसी दशक के मध्य (1925) में एक प्रख्यात क्रांतिकारी कांग्रेसी नेता डॉ. के.बी. हेडगेवार ने प्रखर हिन्दू राष्ट्रवाद के विचार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बनाया। संघ देखते-ही-देखते राष्ट्रीय फलक पर था। (3) भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों के क्रांतिधर्म से भारत का अवनि अंबर आंदोलित था। (4) कांग्रेस के भीतर समाजवादी विचारों के नेताओं/कार्यकताओं का दबाव बढ़ा। (5) कम्युनिस्ट विचार और स्वतःस्फूर्त कारणों से किसान मजदूर आंदोलन बढ़े और (6) इन सबके चलते कांग्रेस से मोहभंग का वातावरण बना। कांग्रेस के सामने अस्तित्व का संकट था। उसने दिसंबर 1929 में पूर्ण स्वराज की माँग की। सिर्फ 25 दिन बाद (26 जनवरी, 1930 को) प्रथम स्वतंत्रता दिवस भी मना डाला। सविनय अवज्ञा आंदोलन चला। गांधी की गिरफ्तारी हुई लेकिन आंदोलन की घोषणा और समझौता कांग्रेस नीति के अंग थे। गांधी-इरविन वार्ता में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फाँसी न देने का भी मुद्दा था। इरविन ने साफ मना किया तो कांग्रेस और गांधीजी ने यह मुद्दा छोड़ दिया। फाँसी के 6 दिन बाद कराची कांग्रेस अधिवेशन में गांधी और कांग्रेस को लेने के देने पड़ गए। मजबूरन शहीदों के पक्ष में एक गांधीवादी प्रस्ताव आया, ह्लकिसी भी तरह की राजनैतिक हिंसा से अपने को अलग रखते हुए और उसे अमान्य करते हुए कांग्रेस बलिदान के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करती है।ह्ल क्रांति कर्म की निंदा और बलिदान की प्रशंसा कांग्रेस का इतिहास है। कांग्रेसी इतिहास के अधिकृत लेखक गांधी भक्त पट्टाभिसीतारमैया के अनुसार, ह्लभगत सिंह का नाम सारे देश में गांधीजी की ही तरह लोकप्रिय था।ह्ल ह्यभारत छोड़ोह्य आंदोलन का नेतृत्व भी कांग्रेस ने गांधीजी को ही सौंपा। अ.भा. कांग्रेस की बैठक (मुंबई 7 अगस्त, 1942) में जवाहरलाल नेहरू ने प्रस्ताव रखा। इसके अगले दिन 8 अगस्त, 1942 को गांधीजी ने सवा घंटे के भाषण में कहा, ह्लआपने अपने सारे अधिकार मुझे सौंप दिए। अब मैं वायसराय से मिलकर कांग्रेस की माँग स्वीकार करने का अनुरोध करूँगा। हालाँकि 9 अगस्त की सुबह के पहले सारे वरिष्ठ कांग्रेसी गिरफ्तार कर लिए गए। आगे का आंदोलन समाजवादियों ने चलाया। कांग्रेस बेहद कमजोर थी। सन 42 के पहले के गांधी विचार इसका खुलासा करते हैं। गांधीजी विश्वयुद्ध में अंग्रेजों की बेशर्त सहायता के पक्षधर थे। उन्होंने अक्टूबर 1941 में लिखा-ह्लयदि हम इस अवस्था में सरकार को परेशानी में डालेंगे तो सत्ताधारी निश्चय ही इसका बुरा मानेंगे।ह्ल (संपूर्ण गांधी वाङ्मय 75/66)। 21 जून, 1940 को कांग्रेस कार्यसमिति ने भावी कार्यक्रमों और नीतियों की जिम्मेदारी से गांधीजी को मुक्त कर दिया लेकिन गांधीजी कांग्रेस से जुड़े रहे। 1942 के ह्यभारत छोड़ोह्य आंदोलन के ठीक 8 माह पूर्व 30 दिसंबर, 1941 को कार्यसमिति ने उन्हें दोबारा मुक्त किया। गांधी कांग्रेस से अलग हो गए। अगस्त 42 के आंदोलन के एक माह पूर्व 5 जुलाई को उन्होंने चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को कांग्रेस छोड़ने के लिए आग्रह पत्र लिखा। गांधीजी ने लिखा- ह्लकांग्रेस के भीतर अनुशासनहीनता और हिंसा भरी है।ह्ल जो कांग्रेस गांधीजी के लिए अनुशासनहीन और भारत छोड़ो आंदोलन के एक माह पहले तक त्याज्य थी उसी कांग्रेस को लेकर गांधी और उन्हीं गांधी को लेकर कांग्रेस ऐतिहासिक ह्यअगस्त क्रांतिह्य नहीं ही कर सकती थी। अंग्रेजीराज की केन्द्रीय असेंबली में एक सवाल के जवाब में बताया गया, ह्ल9 अगस्त से 31 दिसंबर, 1942 के बीच 940 लोग पुलिस/सेना की गोली से मारे गए। 60,229 गिरफ्तार हुए। 18000 नजरबंद किए गए और 1630 घायल हुए। 538 स्थानों पर पुलिस फायरिंग हुई। 60 स्थानों पर फौजी कार्रवाई हुई। इतिहासविद प्रोफेसर विपिन चंद्रा ने लिखा- ह्लआंदोलन की बागडोर अच्युत पटवर्धन, अरुणा आसफ अली, डॉ. लोहिया, सुचेता कृपलानी, बीजू पटनायक और जेल से छूटने के बाद जयप्रकाश पर थी। ये गुप्त समूह मुंबई, पूना, सतारा, बड़ौदा, कर्नाटक, केरल, आंध्र, यूपी, बिहार और दिल्ली में सक्रिय थे।ह्ल श्रेय कांग्रेस ने लिया। देश हर बरस ह्यअगस्त क्रांतिह्य का स्मरण करता है। आन्दोलनों के मूल तत्वों पर विमर्श नहीं होता। झूठे देवता फल-फूल उड़ाते हैं।

# सोशल मीडिया और विश्वसनीयता

**इनमें तथ्यात्मक जानकारी के साथ-साथ फर्जी खबरें, भ्रामक वीडियो, आपत्तिजनक सामग्री और उकसाने वाले संदेश भी शामिल होते हैं। कई बार कोई वीडियो बिना पूरी जानकारी या सत्यापन के तेजी से वायरल हो जाता है। लोग उसे सच मानकर आगे साझा करते रहते हैं और देखते ही देखते वह संदेश बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच जाता है। ऐसे मामलों में सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है।**

**योगेश के. सोनी**

मेटा के स्वामित्व वाले फेसबुक से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक वीडियो हटाए जाने की घटना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की विश्वसनीयता, तकनीकी सुरक्षा और कंटेंट मॉडरेशन को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। मेटा ने बाद में स्पष्ट किया कि वीडियो किसी जानबूझकर की गई कार्रवाई के कारण नहीं, बल्कि तकनीकी त्रुटि के चलते हट गया था। इसके बावजूद यह घटना कई गंभीर सवाल छोड़ गई है। सवाल यह है कि यदि देश के प्रधानमंत्री के आधिकारिक अकाउंट से जुड़ी सामग्री भी तकनीकी गड़बड़ी की शिकार हो सकती है, तो आम उपयोगकताओं के अकाउंट और उनकी सामग्री कितनी सुरक्षित है? आज सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है। करोड़ों लोग समाचार, सरकारी सूचनाओं, विचारों और घटनाओं की जानकारी के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्भर हैं। देश-दुनिया में कहीं भी कोई महत्वपूर्ण घटना होती है तो उसकी जानकारी कुछ ही मिनटों में सोशल मीडिया के माध्यम से लाखों लोगों तक पहुंच जाती है। इसका सकारात्मक प्रभाव भी है और नकारात्मक प्रभाव भी। ऐसे माहौल में किसी महत्वपूर्ण वीडियो या पोस्ट का अचानक हट जाना, गलत तरीके से सीमित होना या उसके प्रसार में असामान्य बदलाव आना लोगों के बीच भ्रम पैदा कर सकता है। खासतौर पर जब सामग्री किसी संवेदनशील सामाजिक या राजनीतिक विषय से जुड़ी हो, तब पारदर्शिता और जवाबदेही और भी जरूरी हो जाती है। प्रधानमंत्री मोदी सोशल मीडिया पर दुनिया के सबसे सक्रिय नेताओं में शामिल हैं। उनके संदेश और वीडियो को देश-विदेश में करोड़ों लोग देखते हैं। जिस वीडियो के हटने को लेकर हाल में चर्चा हुई वह छात्रों और पेपर लीक जैसे संवेदनशील मुद्दे से संबंधित बताया गया। ऐसे में उसके अचानक गायब होने से सवाल उठना स्वाभाविक है। मेटा की तकनीकी त्रुटि की सफाई आने के बाद मामला स्पष्ट जरूर हुआ, लेकिन इसने डिजिटल प्लेटफॉर्म की विश्वसनीयता पर बहस को जरूर जन्म दे दिया। सोशल मीडिया की सबसे बड़ी चुनौती आज कंटेंट की बाढ़ है। हर दिन करोड़ों पोस्ट, वीडियो, तस्वीरें और संदेश अपलोड होते हैं।

इनमें तथ्यात्मक जानकारी के साथ-साथ फर्जी खबरें, भ्रामक वीडियो, आपत्तिजनक सामग्री और उकसाने वाले संदेश भी शामिल होते हैं। कई बार कोई वीडियो बिना पूरी जानकारी या सत्यापन के तेजी से वायरल हो जाता है। लोग उसे सच मानकर आगे साझा करते रहते हैं और देखते ही देखते वह संदेश बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच जाता है। ऐसे मामलों में सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हाल के कुछ प्रदर्शनों और सार्वजनिक घटनाओं से जुड़े वायरल वीडियो को लेकर भी यही सवाल उठे हैं कि आपत्तिजनक या भड़काऊ सामग्री तेजी से कैसे फैल जाती है, जबकि तथ्यात्मक और संतुलित सामग्री उतनी तेजी से लोगों तक क्यों नहीं पहुंचती। यदि किसी सामग्री में किसी व्यक्ति, समुदाय या देश के खिलाफ आपत्तिजनक अथवा उकसाने वाली भाषा है तो उसके संबंध में प्लेटफॉर्म की मॉडरेशन नीति कितनी प्रभावी है इसकी समीक्षा आवश्यक है। यहां यह भी समझना होगा कि किसी वीडियो का वायरल होना अपने आप में यह साबित नहीं करता कि प्लेटफॉर्म ने जानबूझकर उसे बढ़ावा दिया है। सोशल मीडिया की पहुंच पर एल्गोरिदम, यूजर इंटरैक्शन, शेयरिंग और ट्रेंडिंग जैसे कई कारक प्रभाव डालते हैं। इसलिए किसी भी प्लेटफॉर्म की भूमिका पर निष्कर्ष निकालने से पहले पारदर्शी जांच और ठोस आंकड़ों की जरूरत है। सोशल मीडिया से जुड़ी समस्या केवल कंटेंट तक सीमित नहीं है। फर्जी प्रोफाइल, अकाउंट हैकिंग, ऑनलाइन ठगी, पहचान की चोरी और फर्जी तस्वीरों के इस्तेमाल जैसी घटनाएं भी चिंता का विषय हैं।

अपराधी कई बार किसी व्यक्ति के नाम और तस्वीर का इस्तेमाल कर फर्जी अकाउंट बनाते हैं और उसके परिचितों से पैसे मांगते हैं। कुछ मामलों में फोटो के साथ छेड़छाड़ कर किसी व्यक्ति को बदनाम करने का प्रयास किया जाता है। ऐसी घटनाएं पीड़ित की सामाजिक प्रतिष्ठा, मानसिक स्थिति और निजी जीवन पर गंभीर प्रभाव डाल सकती हैं।इसलिए सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी केवल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं हो सकती। उन्हें अकाउंट सुरक्षा, फर्जी प्रोफाइल की पहचान, रिपोर्टिंग सिस्टम और शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर भी लगातार काम करना होगा। सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल के बीच बच्चों और किशोरों की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण मुद्दा है। कम उम्र के उपयोगकताओं तक किस तरह की सामग्री पहुंच रही है, इसका उनके व्यवहार और मानसिक विकास पर क्या असर पड़ रहा है और प्लेटफॉर्म उन्हें किस तरह सुरक्षित रखते हैं। इन सवालों पर दुनिया भर में बहस हो रही है। एल्गोरिदम की पारदर्शिता भी एक बड़ा विषय है। उपयोगकर्ता को यह स्पष्ट रूप से पता नहीं होता कि उसके सामने कोई सामग्री क्यों दिखाई जा रही है और दूसरी सामग्री क्यों नहीं। यदि किसी प्लेटफॉर्म का एल्गोरिदम लगातार विवादास्पद या सनसनीखेज सामग्री को अधिक लोगों तक पहुंचाता है, तो इससे समाज में ध्रुवीकरण और गलत सूचना का प्रसार बढ़ सकता है। सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति की आजादी को अभूतपूर्व विस्तार दिया है। आज आम व्यक्ति भी अपनी बात लाखों लोगों तक पहुंचा सकता है। लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी है। देशहित, समाज, बच्चों के भविष्य और सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर तथ्यात्मक जानकारी सामने आनी चाहिए। साथ ही हिंसा, नफरत, धमकी, फर्जी सूचना और किसी व्यक्ति या समुदाय को नुकसान पहुंचाने वाली सामग्री के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई भी जरूरी है। समस्या तब पैदा होती है जब उपयोगकर्ता को यह महसूस होने लगे कि कंटेंट मॉडरेशन के नियम समान रूप से लागू नहीं हो रहे हैं। किसी भी प्लेटफॉर्म के लिए यह धारणा उसकी विश्वसनीयता के लिए नुकसानदायक हो सकती है। इसलिए मेटा सहित सभी सोशल मीडिया कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके नियम स्पष्ट हों और उनका पालन पारदर्शी तथा समान तरीके से हो। तकनीकी गड़बड़ी पूरी तरह समाप्त नहीं की जा सकती। बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कभी-कभी तकनीकी समस्याएं आ सकती हैं। लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि ऐसी समस्या होने पर कंपनी कितनी जल्दी उसे पहचानती है, कितनी पारदर्शिता से इसकी जानकारी देती है और प्रभावित उपयोगकर्ता को कितनी जल्दी समाधान उपलब्ध कराती है। मेटा को अपनी कंटेंट मॉडरेशन व्यवस्था, अकाउंट सुरक्षा, फर्जी प्रोफाइल की पहचान, बच्चों की सुरक्षा, एल्गोरिदम की पारदर्शिता और शिकायत निवारण व्यवस्था को लगातार मजबूत करना होगा। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो चुकी है। इसलिए उनकी जवाबदेही भी उसी अनुपात में बढ़नी चाहिए। सोशल मीडिया आज समाज की खुली किताब बन चुका है। इसमें समाज की सोच, राजनीति, संस्कृति, घटनाएं और लोगों की प्रतिक्रियाएं दिखाई देती हैं। इसलिए इस किताब में गलत सूचना, नफरत और फजीर्वाड़े को जगह मिलने से समाज पर सीधा असर पड़ सकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# चौमासे की बात, चिंताओं की बरसात

**जलवायु परिवर्तन के इस दौर ने बरसात की विभीषिका को और ज्यादा बढ़ा दिया है, जिसके उदाहरण 2013 जून की केदारनाथ त्रासदी या भरमौर मणिमहेश राधाष्टमी स्नान के दौरान 1994 और 2025 में आई बाढ़ में मिल जाते हैं। मैदानी इलाकों में जलभराव के कारण ज्यादा हानि होती है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलनों और नदी के तेज बहाव से होने वाले कटाव से ज्यादा नुकसान होता है।**

**कुलभूषण उपमन्यु**

पूरी प्रकृति को हरियाली से सराबोर करके धरा को तृण संकुल बना कर जहां पैदल रास्ते भी छुप जाते हैं, हमेशा से ही ऐसा बरसात का मौसम कठिनाइयों और बाढ़ आदि खतरों से भरा रहा है। शायद इसीलिए बरसात के महीनों को चौमासा कहा जाता था, जिनमें साधु-संत अपनी यात्राओं को स्थगित करके कहीं एक गांव में रुक जाते थे और इस समय को धार्मिक कथा वार्ता के आयोजन करके सद्गुण और धर्म प्रचार में उपयोग करते थे। एक पंथ दो काज वाली कहावत चरितार्थ होती थी। लोग अनावश्यक आवागमन नहीं करते थे, लेकिन अब आधुनिक विकास और यातायात के साधनों के विस्तार के चलते बरसात का मौसम भी पर्यटन का मौसम बन गया है। खास कर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों तक, जहां पहुंच बर्फ पिघलने के बाद बरसात में ही संभव है, वहां के लिए धार्मिक पर्यटन (यात्राओं) बरसात में ही ज्यादा जोर पकड़ता है। ये यात्राएं तो पहले से ही आयोजित होती आई हैं, लेकिन पैदल यात्राएं होने के कारण इतनी भीड़-भाड़ नहीं होती थी।

जलवायु परिवर्तन के इस दौर ने बरसात की विभीषिका को और ज्यादा बढ़ा दिया है, जिसके उदाहरण 2013 जून की केदारनाथ त्रासदी या भरमौर मणिमहेश राधाष्टमी स्नान के दौरान 1994 और 2025 में आई बाढ़ में मिल जाते हैं। मैदानी इलाकों में जलभराव के कारण ज्यादा हानि होती है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलनों और नदी के तेज बहाव से होने वाले कटाव से ज्यादा नुकसान होता है। ज्यादातर भूस्खलन उन क्षेत्रों में होते हैं, जहां मानव गतिविधि जनित प्रकृति के साथ छेड़छाड़ ज्यादा होती है। मानव जनित छेड़छाड़ कई तरह की है। सबसे ज्यादा तो वर्तमान विकास कार्यों के कारण प्रकृति विध्वंस होता है। जैसे कि खनन, सड़क निर्माण या जल विद्युत परियोजनाओं के कारण होने वाली तोड़फोड़, जिसमें भारी मशीनों से कटाई, मलबा डंपिंग, सुरंग बनाने जैसी गतिविधियां मुख्य हैं। इन कार्यों के लिए बड़ी मात्रा में जंगल भी कटते हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन का खतरा और ज्यादा बढ़ जाता है। जलवायु परिवर्तन के कारण बरसात की बारिश की बौछार बढ़ गई है। थोड़े समय में ही बहुत ज्यादा पानी बरस जाता है।

संकरी घाटियों में एक ही जगह पर जब 10-20 किलोमीटर के दायरे में एक घंटे में 100 मिलीमीटर (मिली) मीटर से ज्यादा बारिश हो जाए तो उसे बादल फटना कहा जाता है। बादल फटने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। यदि प्रकृति से छेड़छाड़ ज्यादा हुई हो तो बादल फटने से नाजुक भूमि जल्दी ही बह कर भयानक भूस्खलनों को जन्म देती है, जिससे जन-धन की भारी हानि हर साल पर्वतीय क्षेत्रों को झेलनी पड़ रही है। इस वर्ष भी शुरूआती बरसात में ही चट्टानें टूटने के कारण लाहुल पांगी में 13 लोग एक गाड़ी सहित ऊपर से गिरी भारी चट्टान के नीचे दब कर काल का ग्रास बन गए तो बनीखेत के पास एक ही परिवार के पांच लोग दुर्भाग्यवश धुंध के चलते गाड़ी गहरी खाई में लुढ़क जाने से मारे गए। कांगड़ा जिला की शाहपुर तहसील का बोह क्षेत्र तो इस पांच साल में दो बार जनधन की हानि झेल चुका है। 2021 में बोह बाजार से ऊपर जंगल में कोई छोटा भूस्खलन आया, जिससे कुछ पेड़ नीचे खाई में फंस गए। उनसे कुछ मलबा फंसता गया और एक बांध जैसा बन गया। भारी बारिश में जब पानी बांध की क्षमता से ज्यादा हो गया तो वह टूट गया और जमा भारी मात्रा में पानी नीचे बोह बाजार को तबाह करता हुआ निकल गया, जिसमें कुछ जन हानि भी हुई थी। इस वर्ष भी बोह वैसी ही त्रासदी का शिकार हुआ है। दिन में घटना होने के कारण और 2021 के सबक से चौकन्ने लोगों ने भाग कर जान तो बचा ली, किंतु मकानों और गौशालाओं का भारी नुकसान हुआ। सरकार ने संवेदना से मामले को संभाला भी, किंतु ऐसे घाव भरते हुए दशकों लग जाते हैं। जैसे कि मंडी जिला के 2023 और 2025 के घाव अभी तक भी भर नहीं पाए हैं।

सरकारों की सामर्थ्य भी सीमित ही है और प्राथमिकताएं भी बाधा बनती हैं। बोह की घटनाओं को समझने के लिए मैंने कुछ साथियों से बात करके कारण जानने का प्रयास किया। मैंने समझा था की जरूर कोई निर्माण कार्य व प्रकृति से छेड़छाड़ हुई होगी, किंतु ऐसा तो कुछ भी नहीं पाया गया। मुझे अपने एक मित्र प्रताप जरयाल जी की बात से नया ही दृष्टिकोण देखने को मिला और उसे मैंने काफी सटीक निष्कर्ष माना। उनके अनुसार जहां भूस्खलन हुआ उसके ऊपर कोई छेड़छाड़ प्रकृति से नहीं हुई, किंतु घने वन में आग जरूर लगी, जिससे जलकर मिट्टी की ऊपरी परत ढीली हो गई और आग के कारण कुछ चट्टानें भी फट जाती हैं। उन दरारों में पानी भर कर ढीली मिट्टी को बहाने का कारक बन जाता है। गांव के ऊपर से गुजरने वाली पेयजल पाइपें भी टूट कर त्रासदी को बढ़ने का कारक बनी हैं। ऐसे दो-तीन पाइपों का पानी दो घराट चलाने योग्य होता है। इतना पानी भूस्खलन को कई गुणा बढ़ा सकता है। इसके साथ ही यह भी पाया गया कि 2021 और इस बार के भी नुकसान में नई बस्तियां ही चपेट में आई हैं। अब लोग पुरानी बस्तियों को छोड़ कर जहां दिल किया वहां मकान बना रहे हैं, नदियों के बाढ़-खतरे के भीतर तक घुसते जा रहे हैं। बोह का घडसूण गांव जो इस बार त्रासदी की चपेट में आया है, उसी गांव की पुरानी बस्ती ठीक-ठाक है। इसलिए टीसीपी के तहत गांव में भी ज्यादा बारीकी न भी की जाए परंतु नए निर्माण स्थल का आपदा संभावित स्थल न होने का तकनीकी प्रमाणपत्र तो जरूरी किया ही जाना चाहिए, ताकि सारी जिंदगी की कमाई लगा कर बसाया गए बसेरे को इस तरह ध्वस्त हो जाने का दर्द न सहना पड़े।

**(लेखक, हिमालय नीति अभियान के अध्यक्ष और पर्यावरणविद् हैं।)**

# सावन की अमावस्या पर बन रहे विशेष संयोग

हिंदू पंचांग के अनुसार आज यानी की 12 अगस्त 2026 को हरियाली अमावस्या मनाई जा रही है। सावन शिवरात्रि के ठीक अगले दिन और हरियाली तीज से 3 दिन पहले यह अमावस्या आती है। सावन के महीने में पड़ने की वजह से इसको हरियाली अमावस्या कहा जाता है। हरियाली अमावस्या के दिन पूजा-पाठ, दान, पितरों का स्मरण करना बेहद फलदायी माना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं हरियाली अमावस्या की तिथि, मुहूर्त, पूजन विधि और महत्व के बारे में तिथि और मुहूर्त वैदिक पंचांग के मुताबिक श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि की शुरूआत 12 अगस्त की सुबह 01:53 मिनट पर हो रही है। वहीं इस तिथि की समाप्ति रात 11:07 मिनट पर होगी। ऐसे में हरियाली अमावस्या 12 अगस्त 2026 को मनाई जा रही है।



### स्नान-दान मुहूर्त

सावन माह के दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान-दान करना शुभ माना जाता है। 12 अगस्त को सुबह 04:23 मिनट से लेकर 05:06 मिनट तक ब्रह्म मुहूर्त रहेगा। वहीं पूजा के लिए अभिजित मुहूर्त दोपहर 11:59 मिनट से लेकर 12:52 मिनट तक रहेगा। हरियाली अमावस्या को पितरों के तर्पण के लिए सुबह जल्दी उठकर गंगाजल से स्नान आदि करें। इसके बाद अपने ईष्ट का ध्यान करें और भगवान शिव की पूजा-अर्चना करें। भगवान शिव को मदार और आक के फूल चढ़ाएं और पीपल के पेड़ की पूजा करें। इससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आती है।

### महत्व

हरियाली अमावस्या को चितलगी अमावस्या, गटारी अमावस्या और चुक्कला अमावस्या के नाम से भी जानते हैं। इस दिन भगवान शिव की पूजा का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक जो भी जातक इस दिन विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और कष्टों से मुक्ति मिलती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**

# जेपीएससी-जेएसएससी पेपर लीक छात्रों पर लाठीचार्ज के खिलाफ भाजपाइयों का प्रदर्शन

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी निष्पक्ष सीबीआई जांच की उठाई मांग

संवाददाता



**साहिबगंज/उधवा :** रांची में जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में पेपर लीक घोटाले में छात्राओं द्वारा प्रदर्शन करते हुए उस पर लाठीचार्ज किए जाने के विरोध में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने सड़क पर उतरकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकताओं ने छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान कथित लाठीचार्ज की घटना का विरोध करते हुए राज्य सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के आह्वान तथा साहिबगंज भाजपा जिलाध्यक्ष गौतम यादव के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न प्रखंडों में पार्टी कार्यकताओं द्वारा सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इसी क्रम में उधवा प्रखंड क्षेत्र में भी भाजपा कार्यकताओं ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जेपीएससी-जेएसएससी से जुड़े मामलों की जांच सीबीआई से कराने की मांग उठाई। भाजपा कार्यकताओं का आरोप है कि राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं और अपने भविष्य को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए।भाजपा नेताओं ने कहा कि छात्र अपने अधिकार और परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे थे। ऐसे में उनके ऊपर लाठीचार्ज किया जाना लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के अधिकार पर हमला है।कार्यकताओं ने कहा कि युवाओं और छात्रों के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर सरकार को गंभीरता दिखाते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच करानी चाहिए।सड़क जाम के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि हेमंत सोरेन छात्रों पर अत्याचार बंद करो, राहुल गांधी युवाओं की आवाज दबाना बंद करो तथा जेपीएससी-जेएसएससी की निष्पक्ष सीबीआई जांच कराओ जैसे नारे लगाए।भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता युवाओं के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने सरकार से मांग की कि परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा छात्रों की मांगों पर सकारात्मक पहल की जाए। मौके पर धनंजय कुमार मंडल, ललन कुमार राय, प्रताप राय, सुनील प्रमाणिक, शिवानंद कुमार, पिंटू घोष,मनोज कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल

पूर्वी सिंहभूम : एमजीएम थाना क्षेत्र के निर्मल चौक और ताता पत्थर के बीच मंगलवार देर रात हुए सड़क हादसे में टाटा मोटर्स के ठेका कर्मी 24 वर्षीय राकेश महतो की मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार धनिया निवासी राकेश महतो ड्यूटी समाप्त करने के बाद ग्लैमर बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान निर्मल चौक ताता पत्थर के पास सामने से आ रही एक स्प्लेंडर बाइक से उसकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। स्प्लेंडर बाइक पर तीन युवक सवार थे और बाइक पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। दोनों बाइक तेज रफ्तार में थीं, जिसके कारण आमने सामने टक्कर हुई। स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीनों युवकों की पहचान जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के तिलामुड़ा गांव निवासी समीर माझी(17), समीर कालिंदी (20) और बिरसा माझी( 18 ) के रूप में हुई है। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद एमजीएम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए टाटा मोटर्स अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने राकेश महतो को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीनों घायल युवकों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। राकेश की मौत की सूचना मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार राकेश परिवार का इकलौता बेटा था। वह टाटा मोटर्स में ठेका कर्मी के तौर पर काम करता था और रोजाना की तरह ड्यूटी पूरी करने के बाद घर लौट रहा था। एमजीएम थाना प्रभारी सचिन दास ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने पर बल दिया

संवाददाता




**साहिबगंज :** हर घर तिरंगा अभियान2026 के तहत पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा आयोजित की गई। यात्रा मालदा टाउन रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर मंडल रेल प्रबंधक प्रशासनिक भवन पर संपन्न हुई। इस दौरान रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हाथों में लेकर उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ यात्रा में भाग लिया।तिरंगा यात्रा का नेतृत्व मनीष कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक, मालदा ने किया। अमरेन्द्र कुमार मौर्य, अपर मंडल रेल प्रबंधक, मालदा, डॉ. अनूपा घोष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मालदा, सहित अन्य वरिष्ठ शाखा अधिकारियों, रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, मालदा अन्य रेलवे कर्मचारियों ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया।हर घर तिरंगा अभियान 2026 का आयोजन 9 अगस्त से 17 अगस्त तक किया जा रहा है। अभियान के तहत तिरंगा यात्राओं के माध्यम से अधिक से अधिक जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने पर बल दिया जा रहा है। मालदा में आयोजित तिरंगा यात्रा में रेलवे अधिकारियों कर्मचारियों व विभिन्न रेलवे हितधारकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रेलवे परिवार की एकता, देशभक्ति एवं राष्ट्रीय जिम्मेदारी के मूल्यों के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दशार्ती है।हर घर तिरंगा अभियान नागरिकों को अपने घरों, कार्यस्थलों तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे तिरंगे के साथ नागरिकों का भावनात्मक जुड़ाव और अधिक सुदृढ़ हो सके।हर घर तिरंगा अभियान के तहत जमालपुर स्थित कैरेज एंड वैगन तथा टीआरडी डिपो के साथ-साथ मालदा मंडल के अन्य रेलवे स्टेशनों पर भी तिरंगा यात्राएं आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों में रेलवे कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा तिरंगा लेकर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रसारित किया।मालदा मंडल सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे अपने घरों पर गर्वपूर्वक तिरंगा फहराएं और हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें।जिससे राष्ट्रीय एकता तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को और सुदृढ़ किया जा सके।

## अधिसूचित फसल का बीमा अवश्य कराएं : उपायुक्त

संवाददाता



साहिबगंज:बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2026-27 में किसानों को फसल बीमा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय परिसर, साहिबगंज से जागरूकता रथ को उपायुक्त दीपक कुमार दूबे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू उपस्थित थे।जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के किसानों को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अधिसूचित धान और भदई मक्का फसलों का बीमा कराने के लिए जागरूक किया जाएगा। साथ ही किसानों को योजना के लाभ, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज व निर्धारित समय-सीमा की जानकारी दी जाएगी।उपायुक्त ने जिले के सभी किसान भाइयों बहनों से अपील करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा अथवा अन्य कारणों से फसल को होने वाले नुकसान से आर्थिक सुरक्षा प्राप्त करने के लिए अपनी अधिसूचित फसल का बीमा अवश्य कराएं व निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व आवेदन करना सुनिश्चित करें।

**31 अगस्त 2026 तक कराएं फसल बीमा**

खरीफ वर्ष 2026-27 के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2026 निर्धारित है। किसान अपने निकटतम सीएससी केंद्र, बैंक अथवा स्वयं ऑनलाइन माध्यम से फसल बीमा के लिए आवेदन कर सकते हैं।ऑनलाइन आवेदन पोर्टलयोजना के तहत किसानों को कोई प्रीमियम शुल्क देय नहीं है। केवल ?1 आवेदन शुल्क देय होगा।

क्षफसल बीमा के लिए आवश्यक दस्तावेज

किसान का आधार कार्ड,बैंक पासबुक की छायाप्रति।

भूमि स्वामित्व संबंधी प्रमाण पत्र एवं वंशावली,

बटाईदार किसान की स्थिति में नोटरीकृत बटाई प्रमाण पत्र,फसल बुआई का स्व-सत्यापित प्रमाण पत्र,

किसान का मोबाइल नंबर,जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी किसानों से अपील की गई है कि वे 31 अगस्त, 2026 तक अपनी अधिसूचित फसल का बीमा अनिवार्य रूप से कराएं एवं बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त करें।

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में साहिबगंज बंद

संवाददाता



साहिबगंजः झारखण्ड प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जेपीएससी ,जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ियों एवं छात्रों के साथ हुई बर्बर कार्रवाई तथा लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को झारखंड बंद का आह्वान किया गया।इसी क्रम में भाजपा साहेबगंज जिला द्वारा जिले के सभी मंडलों में सुबह 8:00 बजे से बंद कार्यक्रम आयोजित किया गया। बंद के दौरान विभिन्न बाजारों में भाजपा कार्यकताओं ने दुकानदारों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों से बंद को सफल बनाने की अपील की। सभी दुकानदारों व्यापारियों एवं आम नागरिकों ने बंद का समर्थन किया।बंद कार्यक्रम के दौरान राजमहल विधानसभा के पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा ने दुकानदारों एवं आम नागरिकों से बंद को सफल बनाने की अपील की।इस अवसर पर अनंत कुमार ओझा ने कहा कि छात्र हमारे देश और राज्य का भविष्य हैं।उनके अधिकारों की आवाज उठाने पर लाठीचार्ज और दमनात्मक कार्रवाई किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी।सरकार को छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज दबाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।भाजपा छात्रों के न्याय और अधिकार की लड़ाई में उनके साथ मजबूती से खड़ी है।वही भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम कुमार यादव ने कहा कि जेपीएससी,जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर छात्र लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं।उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग रखने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज करना सरकार की संवेदनहीनता को दशार्ता है।भाजपा छात्रों के साथ हुए अन्याय के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।सरकार तत्काल छात्रों की मांगों पर सकारात्मक पहल करे और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करे।उन्होंने कहा कि यह बंद किसी व्यक्ति या वर्ग के खिलाफ नहीं,बल्कि छात्रों के न्याय,पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और उनके अधिकारों के समर्थन में है।मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृपानाथ मंडल,धर्मेन्द्र कुमार,नगर अध्यक्ष बिनोद कुमार चौधरी,ग्रामीण अध्यक्ष अनुराग राहुल,जिला मंत्री चांदनी देवी,धर्मेन्द्र कुमार मंडल जयकांत वर्मा,दिनेश पांडेय,बिक्रम दास,संतोष चौधरी,संजीव पासवान,पंकज चौधरी,एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं : उपायुक्त

संवाददाता



साहिबगंजःगंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि एवं संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे ने चानन घाट, ओझाटोली घाट व शकुंतला सहाय घाट सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर, कटाव और कटावरोधी कार्यों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान पाया कि वर्तमान में गंगा नदी का जलस्तर 26.25 मीटर है।जबकि खतरे का निशान 27.25 मीटर है। वर्तमान जलस्तर खतरे के निशान से लगभग एक मीटर नीचे है। जलस्तर में वृद्धि जारी है लेकिन फिलहाल जिले में कोई आबादी प्रभावित नहीं हुए है।उपायुक्त ने बताया कि संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों के सुरक्षित आवागमन एवं त्वरित निकासी के लिए पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन की 6 मोटराइज्ड नावें वर्तमान में लोगों की सेवा के लिए तत्पर हैं। आवश्यकता पड़ने पर बाढ़ के दौरान अतिरिक्त नावों का अधिग्रहण भी किया जाएगा।उन्होंने बताया कि पूर्व में खराब हुई वॉटर एम्बुलेंस की मरम्मत करा ली गई है तथा उसे सेवा के लिए तैयार रखा गया है। आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा।शकुंतला सहाय घाट के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संभावित बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए वॉटरप्रूफ टेंट लगाने हेतु उपयुक्त स्थान चिह्नित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। साथ ही बाढ़ की स्थिति में प्रभावित लोगों के लिए सुरक्षित स्थान, आवागमन एवं निकासी की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने पर जोर दिया।उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन संभावित बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहा है। जलस्तर एवं परिस्थितियों के अनुसार आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएंगे। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे घबराएं नहीं, प्रशासन द्वारा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। किसी भी आपात स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 9006963963, 9631155933, 9065370630, 06436-356485, 06436-222101, 06436-222202 अथवा आपातकालीन सेवा 112 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### नाबालिग किशोरी के अपहरण मामले में आरोपी गिरफ्तार

साहिबगंज : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत घोगी शांति नगर निवासी देवा मंडल उर्फ देवाशीष मंडल को पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस संबंध में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि नाबालिग किशोरी के अपहरण को लेकर थाना में शिकायत दर्ज करायी गयी थी। मामले में कांड संख्या 140/26 दर्ज है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी देवा मंडल उर्फ देवाशीष मंडल को गिरफ्तार किया, जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया

### मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार

साहिबगंज : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के केलाबाड़ी पोखरिया निवासी अमित प्रमाणिक को पुलिस ने मारपीट के मामले में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि अमित प्रमाणिक के विरुद्ध मारपीट को लेकर थाना में मामला दर्ज है। मामले का कांड संख्या 113/26 है। थाना प्रभारी ने बताया कि दर्ज मामले के आलोक में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अमित प्रमाणिक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### शादी समारोह से बाजा बजाकर लौट रहे युवक की सड़क किनारे गिरने से मौत

**साहिबगंज/उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत अंतर्गत शोकाली टोला गांव के समीप बुधवार को एक युवक की सड़क किनारे गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहनपुर गांव निवासी विकास बागती के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, विकास बागती शादी समारोह में बाजा बजाने का काम करता था। मंगलवार को वह बाजा बजाने के लिए कामूडांगा गांव गया था। समारोह समाप्त होने के बाद वह अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान शोकाली टोला के समीप अचानक वह सड़क किनारे गिर पड़ा। बताया जा रहा है कि गिरने के बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और विकास के शव को अपने घर ले गए। युवक की अचानक मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, घटना के बाद पूरे गांव में भी शोक का माहौल है। इस संबंध में राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को मिली है। हालांकि, मामले को लेकर परिजनों की ओर से अब तक थाना में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।

### जीएम कॉलेज में एसआईआर पर क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**इचाक :** जीएम इंटर कॉलेज में एसआईआर विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एसआईआर की जानकारी देने के साथ-साथ उनमें जागरुकता और तार्किक सोच विकसित करना था। साथ ही वर्तमान समय में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जा सके एवं विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान की भावना को विकसित किया जा सके। इस दौरान एसआईआर से संबंधित ही प्रश्न विद्यार्थियों से पूछे गए, जिनका बहुत से प्रतिभागियों ने उत्तर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रियंका कुमारी, द्वितीय रिया कुमारी और तृतीय स्थान पर आंचल रानी रही। इस कार्यक्रम में प्रभारी पंकज कुमार मेहता, रत्नेश कुमार राणा,अजीत हांसदा, संजीत यादव,संगम कुमारी,पार्वती कुमारी मौजूद थे।

### एक साल से लो-वोल्टेज की समस्या 200 घरों में छाया अंधेरा

**आवेदन के बावजूद नहीं लगा 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उमस भरी गर्मी में ग्रामीण बेहाल**

साहिबगंज/उधवा : प्रखंड क्षेत्र के उत्तरी सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत नौघरिया, फुदकीपुर शांति कॉलोनी गांव के ग्रामीण पिछले करीब एक वर्ष से बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। लो-वोल्टेज और खराब विद्युत व्यवस्था के कारण ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग को कई बार समस्या से अवगत कराने और लिखित आवेदन देने के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार, गांव में विद्युत आपूर्ति के लिए लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह उसे ठीक कराया लेकिन इसके बावजूद पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में लो-वोल्टेज के कारण पंखे, कूलर समेत अन्य विद्युत उपकरण ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। उमस भरी गर्मी में बिजली की समस्या ने ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ा दी है। ग्रामीणों के मुताबिक, उक्त ट्रांसफार्मर से करीब 200 घरों में विद्युत आपूर्ति की जाती है। अधिक लोड के कारण लंबे समय से लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि 200 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए तो समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकता है।

**विभाग को दिया गया आवेदन, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई**

इस समस्या को लेकर उत्तरी सरफराजगंज पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो प्रखंड सचिव विश्वजीत मंडल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उधवा के कनीय विद्युत अभियंता को लिखित आवेदन देकर 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने तथा जर्जर विद्युत तारों को बदलने की मांग की थी। ग्रामीणों का कहना है कि आवेदन दिए जाने के बावजूद अब तक न तो नया ट्रांसफार्मर लगाया गया और न ही जर्जर तारों को बदला गया।

### पदमा में किराना दुकान की आड़ में शराब का अवैध व्यापार, एक धराया

हजारीबाग : जिले के पदमा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सरैयाडीह गांव में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक किराना दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेच रहे आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांडों की अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। इस संबंध में पदमा ओपी थाना में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को पदमा ओपी क्षेत्र के सरैयाडीह स्थित एक किराना दुकान की आड़ में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की खरीद-फविक्री किए जाने की गुप्त सूचना मिली थी।

**अवैध शराब की बरामदगी :** इस सूचना के सत्यापन और त्वरित कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस की एक टीम गठित की गई। गठित टीम ने निर्धारित दुकान पर औचक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दुकान के अंदर से अवैध तरीके से बेचे जा रहे अंग्रेजी शराब के कई ब्रांडों की बोतलें बरामद की गईं। दुकान संचालक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश में था, जिसे पुलिस बल के सहयोग से मौके पर ही धर दबोचा गया। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी की पहचान सतीश कुमार मेहता के रूप में हुई है, जो सरैयाडीह, थाना पदमा ओपी, जिला हजारीबाग का रहने वाला है।

काजल राघवानी का खुलासा

# वैनिटी वैन में घंटों साथ रहते थे निरहुआ-अम्रपाली...





**भोजपुरी** रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' में शुरू हुआ विवाद अब लगातार बढ़ता जा रहा है. शो में डिनर टेबल पर हुई बहस के बाद अब काजल राघवानी ने इंस्टाग्राम लाइव पर आकर अपनी बात रखी है. इस दौरान उन्होंने भोजपुरी स्टार्स दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और आम्रपाली दुबे को लेकर कई दावे किए. काजल ने दावा किया कि शूटिंग के दौरान दोनों कई बार वैनिटी वैन में काफी देर तक साथ रहते थे और इसकी वजह से पूरी टीम को इंतजार करना पड़ता था.

### काजल राघवानी ने वैनिटी वैन को लेकर क्या कहा?

काजल राघवानी ने अपने इंस्टाग्राम लाइव में निरहुआ और आम्रपाली दुबे के साथ काम करने के दौरान का एक किस्सा शेयर किया. उन्होंने दावा किया कि कई बार शूटिंग सेट पर दोनों के लिए टीम को इंतजार करना पड़ता था. काजल ने कहा, 'आप दोनों वैनिटी में बैठे रहते थे. एक गया, आप नहीं आए, दूसरे को भेजा, आप नहीं आए. तीसरे को भेजा, फिर भी आप नहीं आए. डायरेक्टर खुद गया फिर आपको लेने के लिए. '

### 'ऐसा क्या कर रहे थे कि डायरेक्टर को खुद जाना पड़ा?'

काजल राघवानी ने इसी दौरान सवाल उठाते हुए कहा, 'क्या कर रहे थे आप दोनों कि डायरेक्टर को खुद जाना पड़ा लेने के लिए? ' काजल के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर निरहुआ और आम्रपाली की जोड़ी को लेकर फिर से चर्चा शुरू हो गई है. लोग इस पूरे मामले पर अपनी-अपनी राय दे रहे हैं.

### 'महाकुंभ में आम्रपाली जी का हाथ पकड़कर नहा रहे थे'

काजल राघवानी ने अपने लाइव वीडियो में निरहुआ और आम्रपाली दुबे की बॉन्डिंग को लेकर महाकुंभ से जुड़ी एक बात भी कही. उन्होंने दावा किया कि महाकुंभ के दौरान निरहुआ और आम्रपाली एक साथ नजर आए थे. काजल ने कहा, 'कुंभ मेला में आप गए थे, वहां पर आप आम्रपाली जी का हाथ पकड़कर नहा रहे थे. आपको तो अपनी पत्नी के साथ जाना चाहिए था. तो यह कौन सा फर्ज निभा रहे थे आप? उन्होंने आगे कहा कि निरहुआ अक्सर आम्रपाली के साथ ज्यादा दिखाई देते हैं. काजल ने कहा कि शूटिंग सेट से लेकर गेम जोन और मंदिर तक दोनों कई जगह साथ नजर आते हैं, लेकिन वह अपनी पत्नी के साथ कम दिखाई देते हैं.

## भोजपुरी सिनेमा में आउटसाइडर होने पर काजल राघवानी का छलका दर्द

**भोजपुरी** सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री काजल राघवानी इन दिनों चर्चित रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' में दिए गए विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। शुक्रवार को अभिनेत्री ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि उन्हें इंडस्ट्री में कई बार 'गुजराती' और 'आउटसाइडर' कहकर अलग महसूस कराया गया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर एक नोट साझा किया, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री के नामी लोगों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इंडस्ट्री के कई लोगों ने उन्हें बाहरी महसूस करवाया। साथ ही, ये भी इल्जाम लगया कि वे लोगों से रो-रोकर काम मांगती हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने अपने नोट पर किसी का नाम नहीं लिया। अभिनेत्री ने जारी किए गए नोट पर लिखा, 'मैं गुजराती और आउटसाइडर हूं, रो-रोकर सभी से काम मांगती हूं। साथ ही, हमदर्दी ले रही हूं। इन कुछ दिनों में हमारे दर्शकों से जितना मैंने नहीं बोला उससे ज्यादा तो लोगों ने मुझे एहसास करवा दिया गया। मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि अभिनेत्री ने बताया कि वे यूपी, बिहार को अपनी कर्मभूमि मानती हैं। साथ ही, उन्होंने भोजपुरी दर्शकों का शुक्रिया अदा किया।

### निरहुआ-अम्रपाली की जोड़ी हमेशा रही चर्चा में

दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और आम्रपाली दुबे भोजपुरी सिनेमा की सबसे पॉपुलर जोड़ियों में से एक हैं. दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया है और उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को दर्शकों ने काफी पसंद किया है. हालांकि, दोनों कलाकारों ने कई बार साफ किया है कि उनके बीच सिर्फ दोस्ती है. निरहुआ और आम्रपाली ने अपने रिश्ते को लेकर लगाई जाने वाली अटकलों को हमेशा खारिज किया है.


नेशनल हैंडलूम डे पर विद्या बालन ने हथकरघा परंपरा को किया सलाम, कहा-

# हर साड़ी कहती है अपनी अनोखी कहानी



**भारतीय** हथकरघा और पारंपरिक परिधानों की मजबूत समर्थक अभिनेत्री विद्या बालन ने 'नेशनल हैंडलूम डे' के अवसर पर देश की समृद्ध बुनाई परंपरा और कारीगरों के सम्मान में एक खास पोस्ट साझा किया। अपनी खूबसूरत साड़ियों के चयन और सार्वजनिक आयोजनों में भारतीय हैंडलूम को बढ़ावा देने के लिए जानी जाने वाली विद्या ने इस मौके पर इंस्टाग्राम पर वीडियो डाला, जिसमें उन्होंने हैंडलूम सिल्क साड़ियों की खूबसूरती, विरासत और उन्हें तैयार करने वाले बुनकरों की मेहनत को सलाम किया। विद्या बालन ने लोगों से भारतीय हथकरघा को अपनाने और स्थानीय कारीगरों का समर्थन करने की अपील करते हुए अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'हर हैंडलूम सिल्क साड़ी अपनी एक ऐसी कहानी कहती है, जिसे कोई मशीन कभी दोहरा नहीं सकती। इस नेशनल हैंडलूम डे पर आइए उन अद्भुत कारीगरों का सम्मान करें, जिनके हाथों ने भारत की कालजयी बुनाई परंपराओं को जीवित रखा है। जब भी आप शुद्ध रेशम खरीदें, तो हमेशा 'सिल्क मार्क' जरूर देखें क्योंकि यही असली और शुद्ध रेशम की पहचान है।' वीडियो में विद्या बालन ने हैंडलूम सिल्क साड़ियों की खासियत बताते हुए कहा, ''मुझे हैंडलूम सिल्क साड़ियों की सबसे खूबसूरत बात यह लगती है कि इसका हर धागा, हर मोटिफ और हर छोटी-सी बारीकी कलाकारों की मेहनत और पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा को दर्शाती है। यही वजह है कि हर हैंडलूम सिल्क साड़ी अपने आप में अनोखी होती है।

# 83 की उम्र में भी स्टाइल बरकरार !



अमिताभ बच्चन के चश्मे का 25 साल पुराना कनेक्शन

**मेगास्टार** अमिताभ बच्चन इन दिनों क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में नजर आ रहे हैं। शो के दौरान उन्होंने बताया कि वे 25 सालों से एक ही टिंट वाला चश्मा (एक ऐसा चश्मा है जिसके लेंस पर एक खास रंग या परत चढ़ी होती है) क्यों पहन रहे हैं। अभिनेता ने बताया कि उन्होंने अपने चश्मे में हल्का टिंट इसलिए लगाया था ताकि आंखों पर उम्र का असर छिपाया जा सके। मेगास्टार ने मजाकिया अंदाज में कहा कि इंसान की उम्र अक्सर उसकी आंखों से ही पता चल जाती है। उन्होंने कहा, 'कोई बोला सर, आपका चश्मा गलत है। मैंने कहा क्या गलत है यार, मैं 25 साल से यही चश्मा पहन रहा हूं। बोले नहीं सर, इसमें पीला-पीला आ रहा है।' मैंने कहा, 'हां, उसमें थोड़ा सा टिंट किया है।' बोले, 'नहीं सर, वो गड़बड़ हो जाएगा।' मैंने कहा, 'देखो भाईसाहब, बुढ़ापे में एक बुजुर्ग की उम्र कैसे पता चलती है? उसकी आंखों से। तो हमारी आंखें भी अब बुढ़ापे में पहुंच गई हैं, इसलिए उनको छिपाने के लिए थोड़ा सा टिंट मार दिया। अभिनेता अमिताभ बच्चन ने बताया कि नए सीजन के पहले दिन कई टेक्निकल एडजस्टमेंट और फाइन-ट्यूनिंग होती है। उन्होंने कहा, 'सबसे पहले, मैं हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं, देर होगी क्योंकि आज यह पहला रिकॉर्डिंग है, इस नए दौर का। तो छोटी-मोटी चीजें जो सेट करने में समय लगता है। शूटिंग से कुछ दिन पहले अमिताभ ने अपने पर्सनल ब्लॉग पर बताया था कि वह कौन बनेगा करोड़पति के लिए लगभग 24 घंटे लगातार काम कर रहे थे। नया सीजन 10 अगस्त को प्रीमियर होने वाला है। एक्टर को आखिरी बार 'कल्कि 2898 एडी' में देखा गया था। इसमें अभिनेता ने 'अश्वत्थामा' का एक बेहद शक्तिशाली और ऐतिहासिक किरदार निभाया था। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस डिस्टोपियन साइंस-फिक्शन फिल्म में पौराणिक कथाओं और भविष्य की दुनिया का अद्भुत मिश्रण दिखाया गया था, जिसमें अश्वत्थामा भगवान विष्णु के दसवें अवतार (कल्कि) की रक्षा करते हैं।

## डीपी वर्ल्ड आईएलटी-20: क्लासेन, मिलर गल्फ जायंट्स से जुड़े, ओमरजई और मुजारबानी की भी वापसी




एजेंसी

**दुबई :** दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर डीपी वर्ल्ड आईएलटी-20 के पांचवें सत्र के लिए गल्फ जायंट्स से जुड़ गए हैं। दोनों को फ्रेंचाइजी ने नीलामी से पहले खिलाड़ियों के रूप में शामिल किया है। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई और जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी भी आगामी सत्र के लिए टीम में वापसी करेंगे। डीपी वर्ल्ड आईएलटी-20 का पांचवां सत्र 22 नवंबर से 20 दिसंबर तक खेला जाएगा। गल्फ जायंट्स ने 2023 में टूर्नामेंट का पहला खिताब जीता था और अब टीम दूसरी बार चैंपियन बनने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी। गल्फ जायंट्स के मुख्य कोच साइमन हेलमोट ने फ्रेंचाइजी की ओर से जारी एक बयान में नए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा, ह्लहम डेविड और हेनरिक का गल्फ जायंट्स परिवार में स्वागत करके बेहद खुश हैं और अजमतुल्लाह तथा ब्लेसिंग को भी वापस ला रहे हैं। ये विश्वस्तरीय खिलाड़ी और मैच जिताने वाले क्रिकेटर हैं, जो हमारी टीम में काफी गुणवत्ता और गहराई जोड़ेंगे। हमने एक मजबूत आधार तैयार किया है और खिलाड़ी नीलामी के जरिए हमारे पास सत्र पांच की तैयारी के लिए टीम को पूरा करने का एक और अवसर होगा। दुनिया के बेहतरीन फिनिशरों में शामिल डेविड मिलर के पास टी-20 क्रिकेट का लंबा अनुभव है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट मिलाकर 571 टी-20 मुकाबलों में 12 हजार से अधिक रन बनाए हैं। मिलर 2022 में गुजरात टाइटंस की आईपीएल खिताबी जीत के अभियान का भी अहम हिस्सा रहे थे। दक्षिण अफ्रीका के ही विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन भी अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने 294 टी-20 मुकाबलों में 6,900 से अधिक रन बनाए हैं। क्लासेन डीपी वर्ल्ड आईएलटी-20 के पांचवें सत्र में पहली बार इस लीग में खेलेंगे। अजमतुल्लाह ओमरजई ने पिछले सत्र में गल्फ जायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 10 मैचों में 233 रन बनाने के साथ 12 विकेट भी हासिल किए थे। उनके प्रदर्शन को देखते हुए टीम ने उन्हें अगले सत्र के लिए भी बरकरार रखा है। वहीं, जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी चोट के कारण पिछले सत्र में नहीं खेल सके थे। गल्फ जायंट्स के साथ 2023 में जुड़ने के बाद से उन्होंने 17 मैचों में 22 विकेट लिए हैं। 2024-25 सत्र में वह टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे थे और 10 मैचों में 16 विकेट हासिल किए थे।

# मयंक डागर ने की सार्थक रंजन की तारीफ, जिस तरह हमारे कप्तान खेल रहे हैं, वह शानदार है

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 में मंगलवार को वेस्ट दिल्ली लायंस को आठ विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टीम की जीत में गेंदबाज मयंक डागर और कप्तान सार्थक रंजन की अहम भूमिका रही।

जीत के बाद डागर ने कहा, ह्लयह हमारे लिए बेहद शानदार और एकतरफा जीत थी। हमने गेंदबाजी में उन्हें कम स्कोर पर रोका और फिर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। उन्होंने टीम के संतुलन की तारीफ करते हुए कहा, ह्लहमारा संयोजन बहुत अच्छा है। हर खिलाड़ी को अपनी भूमिका पता है और टीम में यह सबसे महत्वपूर्ण चीज है। हम सभी के बीच तालमेल बहुत अच्छा चल रहा है। अगर आप हमारी बल्लेबाजी देखें तो हमारे मध्यक्रम और निचले मध्यक्रम को अभी तक बल्लेबाजी करने का मौका ही नहीं मिला है। यह अच्छी बात है क्योंकि हमारे शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जिम्मेदारी ले रहे हैं और लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। डागर ने कप्तान सार्थक रंजन की शानदार फॉर्म की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ह्लजिस तरह हमारे कप्तान खेल रहे हैं, वह शानदार है। हमने अंडर-16 और अंडर-19 स्तर से काफी क्रिकेट साथ खेली है। इसलिए मैंने उन्हें एक खिलाड़ी और एक इंसान के तौर पर आगे बढ़ते हुए देखा है। वह वास्तव में इस अवसर के हकदार हैं। डागर ने मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिए। अपनी खास विकेट सेलिब्रेशन के बारे में उन्होंने बताया कि यह फुटबॉल स्टार पॉल पोग्बा से प्रेरित है। उन्होंने कहा, ह्लयह वास्तव में पॉल पोग्बा से प्रेरित है। जब मैंने पहली बार फुटबॉल देखना शुरू किया था, तब मैंने उन्हें यह सेलिब्रेशन करते देखा था और मुझे यह काफी पसंद आया। इसलिए मैंने आज इसे करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट दिल्ली लायंस ने शुरूआती विकेट के लिए 36 रन जोड़े, लेकिन अंकित कुमार के 10 रन पर आउट होने के बाद टीम का मध्य क्रम लड़खड़ा गया। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की अनुशासित गेंदबाजी के सामने लायंस की टीम 59 रन पर पांच विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद मयंक गुसैन और सोम्बिर श्योकंद ने छठे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। श्योकंद ने 24 गेंदों पर 34 रन बनाए, जबकि गुसैन 28 गेंदों पर 42 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्ट दिल्ली लायंस ने 20 ओवर में सात विकेट पर 146 रन बनाए। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की ओर से मयंक डागर सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिए। 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने शानदार शुरूआत की। कप्तान सार्थक रंजन और वैभव कंडपाल ने पहले विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी कर टीम की जीत लगभग तय कर दी। रंजन ने 30 गेंदों पर 57 रन की शानदार पारी खेली। उनके आउट होने के बाद भी कंडपाल ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और 43 गेंदों पर 64 रन बनाकर नाबाद रहे। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने लक्ष्य आठ विकेट शेष रहते हासिल कर लिया और टूनार्मेंट में अपनी मजबूत स्थिति को और पुख्ता किया।



## कनाडा ओपनः नाओमी ओसाका को हराकर एलेना रायबाकिना सेमीफाइनल में

**मॉन्ट्रियल :** दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी कजाखस्तान की एलेना रायबाकिना ने शानदार वापसी करते हुए जापान की नाओमी ओसाका को तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में 4-6, 7-6 (5), 6-4 से हराकर कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

ओसाका ने मुकाबले की शानदार शुरूआत की और रायबाकिना की मैच की पहली ही सर्विस गेम में ब्रेक हासिल कर लिया। अगले गेम में रायबाकिना के पास वापसी का मौका था, लेकिन ओसाका ने तीन ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए अपनी सर्विस बरकरार रखी। इसके बाद रायबाकिना पूरे सेट में एक भी ब्रेक प्वाइंट हासिल नहीं कर सकीं और ओसाका ने पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। रायबाकिना ने दूसरे सेट में अपनी लय हासिल की। हालांकि वह शुरूआती तीन सर्विस गेम में से दो में अपनी सर्विस गंवा बैठीं, लेकिन ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ने भी दो बार ओसाका की सर्विस तोड़ी और मुकाबले को टाईब्रेक तक पहुंचाया। रायबाकिना ने टाईब्रेक 7-5 से जीतकर मुकाबला निर्णायक तीसरे सेट में पहुंचा दिया। तीसरे सेट में मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। रायबाकिना जब 2-3 से पीछे थीं और उनकी सर्विस पर तीन ब्रेक प्वाइंट थे, तब उन्होंने शानदार धैर्य दिखाया। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कुल चार ब्रेक प्वाइंट बचाकर अपनी सर्विस कायम रखी और मुकाबले की दिशा बदल दी। इसके बाद ओसाका दबाव में नजर आईं। 3-4 से पीछे होने के बाद सर्विस गंवाने पर उन्होंने अपना रैकेट पटककर निराशा जाहिर की। रायबाकिना ने इसके बाद शानदार अंदाज में मैच समाप्त किया और लगातार तीन ऐस लगाकर जीत सुनिश्चित कर दी।

# ईरान ने इराक के एरबिल में कुर्द ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन दागे

एजेंसी

**इरबिल (कुर्दिस्तान) बगदाद, :** ईरान ने बुधवार को इराक के एरबिल के कुर्द ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। हमले में ईरान विरोधी कोमाला पार्टी और कुर्दिस्तान डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ ईरान (केडीपीआई) के लड़ाकों को निशाना बनाया गया। ईरान केडीपीआई को अपना कट्टर दुश्मन मानता है। ईरान सरकार के दबाव और सैन्य हमलों के कारण केडीपीआई को अपने मुख्य ठिकाने ईरान से बाहर स्थानांतरित करने पड़े हैं। इराक की समाचार एजेंसी शफाक, कुर्द समाचार प्लेटफॉर्म रुदाव और अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र की राजधानी एरबिल के उत्तर में अलग-अलग इलाकों में दागे गए चार अज्ञात ड्रोन क्रैश हो गए। इनमें



किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक ड्रोन का मलबा सोरान जिले के बीचों-बीच एक आम नागरिक के घर पर गिरा। दो अन्य ड्रोन खलीफान जिले के एक गांव के पास क्रैश हुए। चौथा ड्रोन हरिर उप जिला की पहाड़ी पर गिरा। इससे झाड़ियों में आग लग गई। कोमाला के पदाधिकारी अमजद हुसैन ने बताया कि इससे पहले ईरान ने मंगलवार को अलामा घाटी इलाके में समूह के मुख्यालय पर हमला किया। इसमें दो सदस्य मामूली रूप से घायल हो गए और परिसर को नुकसान पहुंचा। इराक के अर्ध स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र के प्रधानमंत्री मसरूर बरजानी ने कहा कि यह हमले या तो सीधे ईरान से या फिर इराक के अंदर मौजूद कुछ मिलिशिया गुटों ने किए।

## गृहमंत्री के चर्चा के प्रस्ताव पर राहुल का पलटवार- भाषण नहीं, छात्रों पर कार्रवाई का जवाब चाहिए

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संसद में छात्रों के विरोध-प्रदर्शन से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा के लिए सरकार के तैयार होने और विपक्ष को 24 घंटे का समय देने के बयान पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष गृहमंत्री का भाषण सुनने में रुचि नहीं रखता। उनकी मांग केवल यह जानने की है कि दिल्ली में छात्रों पर गोली चलाने और उनके खिलाफ बल प्रयोग का आदेश किसने दिया था।

राहुल गांधी ने बुधवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विपक्ष यह जानना चाहता है कि छात्रों पर गोली किसने चलाई, गोली चलाने का आदेश किसने दिया, एक छात्र की आंखों की रोशनी किस तरह गई और एक छात्र के कान में गोली किसने मारी। छात्रों पर लाठी चलाने और कथित तौर पर कीलों वाले डंडों के इस्तेमाल का आदेश किसने दिया, इसका जवाब गृहमंत्री को देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस और आरएसी गृह मंत्रालय के अधीन हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने छात्रों पर कार्रवाई का आदेश दिया था या नहीं, उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए। अगर शाह ने आदेश दिया था तो उन्हें इस्तीफा देना चाहिए और अगर उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी तो भी उन्हें अपनी जिम्मेदारी को लेकर इस्तीफा देना चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा कि सवाल यह नहीं है कि अमित शाह संसद में आकर क्या भाषण देंगे। विपक्ष छात्रों के खिलाफ हुई कार्रवाई को लेकर स्पष्ट जवाब चाहता है। पिछले 20 दिनों से गृहमंत्री संसद में इस मुद्दे पर सामने नहीं आए और अब सत्र के अंतिम दौर में चर्चा की पेशकश की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से यह कहा जा रहा है कि गृहमंत्री सभी सवालों का जवाब देंगे लेकिन विपक्ष पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह किस सवाल का जवाब चाहता है।

## कोलकाता पुलिस के हर डिवीजन में बनेगा अपराध अभिलेख ब्यूरो, आयुक्त ने दिया निर्देश

**कोलकाता, :** पुलिस की डिजिटल व्यवस्था को और मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए कोलकाता पुलिस के प्रत्येक डिवीजन में अब ह्यडिविजनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरोह्ण (डीसीआरबी) बनाया जाएगा। मंगलवार को कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय नंद ने इस संबंध में निर्देश जारी किया।मुख्य रूप से ह्यइंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टमह्ण (आईसीजेएस) के तहत पुलिस की डिजिटल व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। आईसीजेएस का मुख्य उद्देश्य पुलिस, अदालत, अभियोजन, फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, चिकित्सा संस्थानों और सुधारगृहों के बीच डिजिटल माध्यम से सूचनाओं के आदान-प्रदान और समन्वय को अधिक तेज तथा सटीक बनाना है। डीसीआरबी अपराध अभिलेख अनुभाग, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, कोलकाता पुलिस की अन्य इकाइयों और आपराधिक न्याय प्रणाली से नियमित संपर्क बनाए रखेगा। आवश्यकता पड़ने पर रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को भी भेजी जाएगी। प्रत्येक डीसीआरबी में उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक और कांस्टेबल समेत करीब आठ पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। इससे विभिन्न आपराधिक मामलों से जुड़े अभिलेखों और सूचनाओं के डिजिटल प्रबंधन तथा उनके आदान-प्रदान को अधिक व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

## सारण जिलाधिकारी की अगुवाई में निकली तिरंगा रैली

**सारण :** हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज सारण जिला मुख्यालय में एक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में तरैया विधायक जनक सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार, उप विकास आयुक्त लक्ष्मण तिवारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सरकारी व निजी विद्यालयों के 400 से अधिक बच्चों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए बच्चों ने पूरे मार्ग में देशभक्ति और राष्ट्रभक्ति के गगनभेदी नारे लगाए। म्युनिसिपल चौक से शुरू होकर यह रैली थाना चौक होते हुए दरोगा राय चौक तक पहुंची, जिससे पूरा क्षेत्र राष्ट्रीय एकता के रंग में रंग गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने जिलेवासियों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने और इस अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि बच्चों की इस सक्रिय और ऊर्जावान भागीदारी से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, गौरव और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना और अधिक मजबूत होगी।

## महासमुंद : सीईओ ने झलप में पीएम सूर्य घर योजना और बिहान समूह की आजीविका गतिविधियों का किया निरीक्षण

**महासमुंद :** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुपमा आनंद ने बुवार को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम झलप का दौरा कर पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों और स्व-निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया।सीईओ ने वात्सल्य महिला क्लस्टर संगठन, झलप के अंतर्गत वेंडर के रूप में कार्य कर रहीं सोलर दीदी काजल साहू के घर पहुंचकर पीएम सूर्य घर योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। प्रशिक्षण प्राप्त कर काजल साहू ने अपने निवास पर 2 किलोवॉट का सोलर पैनल स्थापित किया है। सीईओ अनुपमा आनंद ने उनके कार्य की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों को सौर ऊर्जा से जोड़ने तथा सोलर पैनल स्थापना के कार्य को विस्तार देने के लिए प्रोत्साहित किया। भ्रमण के दौरान सीईओ ने बिहान के जय भवानी स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित दुकानों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे बाँस की हस्तकला सामग्री, अचार, बड़ी, पापड़, मसाले सहित विभिन्न स्व-निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने महिलाओं से संवाद कर उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने, बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और आजीविका गतिविधियों को और अधिक विस्तारित करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। आनंद ने बिहान समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अपने उत्पादों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें और नए बाजारों से जुड़कर आय के साधनों को बढ़ाएं। इस अवसर पर जिले से एपीओ त्रिवेणी, डीपीएम शिवदे सिंह सहित क्लस्टर संगठन की पदाधिकारी बहनें एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मल्लिका शेरावत की अदाओं पर फिदा हुए हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज

करण जौहर का रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स इंडिया सीजन-2' शुरू होने से पहले ही सुर्खियों में आ गया है। शो में अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बतौर प्रतियोगी नजर आएंगी और उन्होंने एक एपिसोड के दौरान ऐसा दावा किया, जिसने सबका ध्यान खींच लिया। मल्लिका ने हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज के साथ अपनी कथित नजदीकियों को लेकर बात करते हुए संकेत दिया कि अभिनेता उन्हें पसंद करते हैं और उन्हें निजी तौर पर मैसेज भी करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शो के दौरान प्रतियोगी आदित्य कुलश्रेष्ठ ने मल्लिका से पूछा कि क्या उन्हें कभी किसी पर क्रश हुआ है या फिर हर किसी को उन पर क्रश रहा है। इस पर मल्लिका ने जवाब दिया, ₹हर किसी को मुझ पर क्रश रहा है। हाल ही में टॉम क्रूज को भी मुझ पर क्रश हुआ है। मैं झूठ नहीं बोल रही। अगर मेरे पास फोन होता, तो मैं आपको उनके वीडियो दिखा देती।₹ जब उनसे पूछा गया कि टॉम उन्हें किस तरह के वीडियो भेजते हैं, तो मल्लिका ने साथ में पार्टी करने का जिक्र किया और उन्हें बेहद शानदार बताया। हालांकि, मल्लिका शेरावत के इस दावे पर टॉम क्रूज या उनकी टीम की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में अभिनेत्री का बयान फिलहाल चर्चा का विषय बना हुआ है। 'द ट्रेटर्स इंडिया 2' की बात करें, तो शो का प्रीमियर 13 अगस्त से होगा। करण जौहर की मेजबानी वाले इस सीजन में मल्लिका के अलावा कई चर्चित हस्तियां हिस्सा ले रही हैं। शो के नए एपिसोड हर गुरुवार को अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किए जाएंगे।

## उत्तराखंड में बारिश का दौर जारी, कई जिलों में अलर्ट



एजेंसी

**देहरादून** उत्तराखंड के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश के दौर की संभावना जताई गई है। हालांकि देहरादून सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बुधवार सुबह धूप बादलों की ओट से निकली। आसमान में बादल छाए रहने से मौसम सुहावना बना रहा। बुधवार जारी मौसम विभाग के बुलेटिन के अनुसार आज उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। अन्य पर्वतीय जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश और हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश हो सकती है। पर्वतीय क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने 13 अगस्त को देहरादून, टिहरी, पिथौरागढ़, बागेश्वर और चंपावत में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना जताई है। पर्वतीय क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ तेज से अति तेज बारिश का दौर जारी रह सकता है। 14 अगस्त को देहरादून, पिथौरागढ़, बागेश्वर और नैनीताल में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने बारिश के दौरान संवेदनशील इलाकों में भूस्खलन और चट्टान गिरने, सड़क एवं राजमार्ग बाधित होने, निचले इलाकों में जलभराव तथा नदी-नालों के उफान पर आने की आशंका जताई है। लोगों से नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने तथा यात्रा के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। भारी बारिश के कारण चमोली में 18, पिथौरागढ़ में 15, उत्तरकाशी में 12, रुद्रप्रयाग में सात, बागेश्वर में छह, देहरादून में छह, नैनीताल में

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत भागलपुर में निकली तिरंगा रैली

एजेंसी

**भागलपुर :** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव एवं एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बुधवार को भागलपुर में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन, भागलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं, कलाकारों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, जिला प्रशासन के कर्मियों एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तिरंगा रैली का शुभारंभ समाहरणालय, से जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के नेतृत्व में हुआ। हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों एवं उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच रैली समाहरणालय से प्रारंभ होकर तिलकामांझी चौक स्थित तिलकामांझी की प्रतिमा तक पहुंची। इसके पश्चात रैली पुनः समाहरणालय परिसर में लौटकर संपन्न हुई। रैली में विभिन्न सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र, भागलपुर के प्रशिक्षक एवं कलाकार, किलकारी बिहार बाल भवन के कलाकार एवं विद्यार्थी तथा विभिन्न कला एवं शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े



कलाकार एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला प्रशासन के अनेक कर्मियों एवं वरीय पदाधिकारियों की सहभागिता ने भी कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर डीएम अलंकृता पांडेय ने कहा कि हर घर तिरंगा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान, गौरव और जिम्मेदारी की सामूहिक अभिव्यक्ति है। तिरंगा रैली के माध्यम से विशेष रूप से युवा पीढ़ी को राष्ट्रध्वज के सम्मान, स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने का संदेश दिया गया। तिरंगा रैली के साथ-साथ समाहरणालय, भागलपुर स्थित डीआरडीए सभागार में स्कूली बच्चों के लिए हर घर तिरंगा एवं स्वतंत्रता दिवस विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के गौरव को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को उनके उत्साह एवं प्रतिभागिता के लिए 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रशासन, भागलपुर ने जिलेवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना व्यक्त करने की

## रायबरेली: युवक का शव फांसी पर लटका मिला, परिवार ने पुलिस पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**रायबरेली :** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में कमरे में पंखे के सहारे फांसी पर लटके युवक का शव मिला। परिजनों ने युवक की मौत के लिए पुलिस की प्रताड़ना को जिम्मेदार बताते हुए शव को पुलिस को सौंपने से इंकार कर रहे हैं। मौके पर कई थानों की पुलिस मौजूद है। घटना की जांच की जा रही है। ऊंचाहार थाना क्षेत्र के बीकरगढ़ गांव में राजू यादव (28) का शव बुधवार सुबह पंखे से लटका मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर परिजन भड़क गये और शव देने से इंकार कर दिया।स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए सलोन, जगतपुर, गदागंज समेत कई थानों की पुलिस फोर्स को गांव में बुलाया गया। पुलिस अधिकारी ग्रामीणों और परिजनों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। परिजनों के मुताबिक, बसुवाई गांव में उनके रिश्तेदारों के बीच मारपीट हुई थी, जिसमें इलाज के दौरान रामदीन की मौत हो गई। इस मामले में नीलम और उसके भाईयों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने नीलम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि उसके भाइयों की तलाश की जा रही है। वांछितों में राजू यादव का बहनोई भी शामिल है। परिजनों का आरोप है कि इसी रिश्तेदार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस राजू पर लगातार दबाव बना रही थी। पुलिस मंगलवार को राजू को पकड़कर अपने साथ ले गई और उसके साथ मारपीट की थी, जिससे आहत होकर राजू ने जान दी है। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह के अनुसार घटना की जांच की जा रही है। परिजनों के आरोपों की पड़ताल होगी, जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा नया बिल लाने पर अमेरिका को चीन की चेतावनी



एजेंसी

**वॉशिंगटन :** अमेरिका की तरफ से रूस पर प्रतिबंध लगाने के नए विधेयक को आगे बढ़ाने पर चीन ने चेतावनी दी है कि बीजिंग अपने वैध हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। अमेरिका में स्थित चीनी दूतावास ने स्पष्ट किया है कि चीन ऐसे प्रतिबंधों का विरोध करता है। वॉशिंगटन में चीनी दूतावास के प्रवक्ता लियू चांग ने मंगलवार को रिया नोवोस्ती को बताया कि अगर अमेरिका मॉस्को के खिलाफ प्रतिबंधों से जुड़ा नया बिल लाता है- जिसके तहत रूस से ऊर्जा संसाधन खरीदने पर ड्यूटी (टैक्स) लगाई जाएगी तो चीन अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगा। प्रवक्ता ने कहा, ₹चीन ऐसे एकतरफा प्रतिबंधों का कड़ा विरोध करता है जिनका अंतरराष्ट्रीय कानून में कोई आधार नहीं है या जिन्हें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंजूरी नहीं मिली है। अपने व्यवसाय और नागरिकों के वैध अधिकारों और हितों की मजबूती से रक्षा करने के लिए चीन जरूरी कदम उठाएगा। पिछले हफ़्ते, सीनेट ने दिवंगत सीनेटर लिंडसे ग्राहम (जिन्हें रूस में आतंकवादी और चरमपंथी माना जाता है) द्वारा पेश किए गए बिल को 86-11 वोटों से मंजूरी दी। प्रतिबंधों से जुड़े इस ड्राफ़्ट कानून में रूसी तेल और गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर प्रस्तावित टैरिफ को 500 प्रतिशत से घटाकर 100 प्रतिशत करने का प्रावधान है। साथ ही, यह बिल रूस से अमेरिका में आयात होने वाले सभी सामानों पर ड्यूटी की दर 500 प्रतिशत तय करेगा। इस दस्तावेज में रूसी सेंट्रल बैंक, स्बेरबैंक, वीटीबी और गैजप्रोमबैंक के खिलाफ भी प्रतिबंध की बात कही गई है।

# सराफा बाजार में उछला सोना, चांदी ने भी लगाई बड़ी छलांग

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सराफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान जबरदस्त तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सराफा बाजार में सोना आज 1,720 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,870 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने की कीमत 2,020 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,210 रुपये प्रति 10 ग्राम तक बढ़ गई है। इसके अलावा सराफा बाजार में हाजिर चांदी ने भी आज 10,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की छलांग लगाई है। कीमत में हुए इस बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,53,830 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,54,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,41,010 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,41,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी उछाल आने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में



आज 2,55,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,53,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,53,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,53,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,380 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,41,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,53,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,53,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,53,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,53,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,53,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,41,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोना शुरूआती कारोबार के दौरान जोरदार उछाल के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,53,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,41,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस परेड पूर्वाभ्यास का वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**सारण :** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित परेड के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने परेड के अनुशासन, समन्वय और प्रस्तुति का गहन जायजा लिया। एसएसपी ने उपस्थित पुलिस बल और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए, ताकि मुख्य समारोह का आयोजन पूर्णतः गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। उन्होंने सुरक्षा तैयारियों और परेड के तालमेल में किसी भी प्रकार की कमी न रहने देने पर विशेष बल दिया। मौके पर कई पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोयला और फ्लाई ऐश परिवहन के खिलाफ अनुगोल में 12 घंटे का बंद, जनजीवन प्रभावित

**भुवनेश्वर :** कोयला और फ्लाई ऐश के परिवहन से उत्पन्न समस्याओं के स्थायी समाधान तथा कोशल पंचायत के पांच निवासियों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को अनुगोल जिले में 12 घंटे के बंद का आह्वान किया। बंद सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा ।

न्यूज IN ब्रीफ

## प्रखंड पेंशनर्स समाज, सतबरवा का स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह मना

**मेदिनीनगर :** प्रखंड पेंशनर्स समाज, सतबरवा का स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह 12अगस्त को आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुमार पाठक ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी गांधी जी उपस्थित थे। समारोह के दौरान मोहम्मद नसीमुल हक एवं श्री त्रिवेणी साहू को अंगवस्त्र एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।
इस बैठक में उल्फत अंसारी, उमेश कुमार पाठक रेणु, दीपक पाठक, सरजू प्रसाद यादव, राधा मांझी, गुठल उरांव, शिव कुमार मांझी, राजेंद्र प्रसाद साहू, राम लखन सिंह, अमरेंद्र कुमार पाठक, मनोहर राम, दीनानाथ प्रसाद सहित पेंशनर्स समाज के तमाम सदस्य उपस्थित थे।

## प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय के प्रांगण से तिरंगा यात्रा निकाला गया



**चरपोखरी :** आज स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी प्रांगण से तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय राय के निगरानी अध्यक्षता में विद्यालय से चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर सार्वजनिक तिरंगा यात्रा में शामिल हो गया। विद्यालय प्रांगण से तकरीबन 70 छात्राओं के हाथों में तिरंगा पकड़वाकर अंग्रेजी शिक्षिका रविनंदनी, मनोविज्ञान शिक्षिका रिंकल कुमारी, विज्ञान शिक्षिका प्रीति कुमारी, हिन्दी शिक्षिका इंदू यादव ने कतारबद्ध श्रृंखला बनवाया। एक कतार में छात्राओं का लोक अंदाज,विद्यालय संस्कृति को देशहित में खड़ा दिखने के लिए संकल्पित था। तिरंगा यात्रा का पुरा खाका तैयार किये थे संस्कृत शिक्षक सुनित त्रिपाठी,गणित शिक्षक सुकेश कुमार, वनस्पति विज्ञान शिक्षक मनोज कुमार, चर्चिल टैगोर, सभी ने मिलकर देश हित और हर घर तिरंगा जैसे संकल्प को सांकेतिक मजबूती दी। वहीं गृहविज्ञान विज्ञान शिक्षिका पिंकी कुमारी, अंग्रेजी शिक्षिका अर्पिता यादव , रेणु कुमारी ने भी इस सांकेतिक कलात्मक तिरंगा यात्रा को विद्यालय से रवानगी में सहयोग किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय राय ने कहा कि देश एक है,हम इस जागरूकता के लिए विद्यालय परिवार के सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत अभिनन्दन करते हैं। प्रखंड मुख्यालय पर पहुंच यात्रा सामूहिक यात्रा में शामिल हो विद्यालय को गौरवान्वित महसूस करवा रहा था। कला शिक्षक रौशन राय इस तिरंगा यात्रा या घर घर तिरंगा यात्रा को,कलात्मक रूप स्वरूप में बदल,प्रोपर विद्यालय परिधान में सजे यात्रा को एतिहासिक बताया। यात्रा सुभांशु शर्मा,सुनित त्रिपाठी, सुकेश कुमार,मिना देवी, रविनंदनी, रिंकल कुमारी, प्रीति कुमारी, पिंकी कुमारी, अर्पिता यादव, इंदू यादव , रेणु कुमारी,सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के कड़ी निगरानी में संपन्न हुआ। प्रखंड मुख्यालय से अन्य विद्यालय के बच्चों और जिविका दीदी के तिरंगा यात्रा में शामिल हो व्यापक रूप ले लिया। प्रखंड मुख्यालय से प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय तक, फिर पुनः प्रखंड मुख्यालय पहुंच सभा में तब्दील हो गया। सभी का रचनात्मक सहयोग प्रशंसनीय था।

## ब्लिंकिट के पूर्व डिलीवरी ब्वॉय ने हॉस्टल से चुराया लैपटॉप, गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के ब्वॉयज हॉस्टल से लैपटॉप चोरी के मामले में एमजीएम थाना पुलिस ने मानगो गुरुद्वारा रोड निवासी पवन कुमार (30) को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर चोरी किया गया डेल कंपनी का लैपटॉप उसके घर से बरामद किया गया। पटमदा डीएसपी दयानंद कुमार ने बताया कि हॉस्टल के कमरा संख्या 403 निवासी सर्वेश मीणा के कमरे से लैपटॉप चोरी की शिकायत दर्ज करायी गयी थी। तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मानवीय सूचना के आधार पर पवन की पहचान की गयी। इसके बाद उसके घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पवन ने चोरी की बात स्वीकार की। उसने बताया कि वह पूर्व में ब्लिंकिट में डिलीवरी ब्वॉय था। 28 मार्च की रात डिलीवरी देने हॉस्टल गया था। लौटते समय खुले कमरे में लैपटॉप देखकर उसने उसे बैग में रख लिया और घर लाकर अलमारी में छिपा दिया।

## आसनसोल-ट्रेन 16 और झाड़ग्राम-पुरुलिया ट्रेन कल रद्द

**जमशेदपुर :** आद्रा मंडल में लाइन ब्लॉक के कारण आसनसोल-टाटानगर मेमू ट्रेन 16 अगस्त को रद्द होगी जबकि, टाटानगर स्टेशन से गुजरने वाली झाड़ग्राम-पुरुलिया मेमू ट्रेन का परिचालन गुरुवार 13 अगस्त को रद्द रहेगा। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से यह आदेश हुआ है। इससे आसनसोल और टाटानगर से चलने वाली दो मेमू ट्रेनें भी 16 अगस्त तक दिन बदलकर अपडाउन में दोनों ओर से आद्रा तक चलेगी। रेलवे के निर्णय से सैकड़ों यात्रियों को आवागमन में दिक्कत होगी। बताया जाता है कि, चक्रधरपुर मंडल में लाइन ब्लॉक के कारण 17 नवंबर तक टाटानगर, हावड़ा व बिहार मार्ग की ट्रेनों को दिन बदलकर रद्द किया जा रहा है।

## घूसखोरी में गिरफ्तार डुमरिया एसबीआई मैनेजर को मिली बेल

**धनबाद :** पहाड़िया आदिवासी से 77 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए सीबीआई टीम के हत्थे चढ़े गोड्डा जिले के महागामा डुमरिया एसबीआई शाखा के मैनेजर रोहित कुमार सिंह को मंगलवार को जमानत मिल गई। सीबीआई की विशेष अदालत ने रोहित को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता कुमार मनीष ने पैरवी की। तीन जून धनबाद सीबीआई की टीम ने रोहित को गोड्डा ललमटिया कुसुमघाटी जोलो पहाड़ के पहाड़िया आदिवासी इतवारी माल्टो से 77 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ा था। इतवारी माल्टो की शिकायत पर सीबीआई ने रामगढ़ भुरकुंडा पटेल नगर जेएम कॉलेज के पास रहने वाले मैनेजर रोहित कुमार सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। भुक्तभोगी ने आरोप लगाया था कि उनकी मां मंगली पहाड़िन का डुमरिया एसबीआई ब्रांच में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत पॉलिसी था। उनकी मां की मृत्यु 21 जून 2025 को हो गई थी। बीमा लाभ के रूप में नोमिनी होने के कारण इतवारी के खाते में दो लाख रुपए रुपए ट्रांसफर हुआ। इसके अलावा मंगली के बचत खाते में भी 35 हजार रुपए थे। यह राशि भी इतवारी के बैंक खाते में ट्रांसफर हो गए, लेकिन बैंक मैनेजर ने भुक्तभोगी के खाते में होल्ड (निकासी पर रोक) लगा दिया था। होल्ड हटाने के एवज में वह बीमा की राशि दो लाख रुपए के लिए में 60 हजार रुपए और बचत खाते के 35 हजार रुपए के लिए 17 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी।

# श्रावणी मेला 2026: खाद्य सुरक्षा विभाग का सघन निरीक्षण अभियान जारी, मिलावटी पेड़ा को किया नष्ट



**संवाददाता**

**देवघर :** जिला के उपायुक्त के निदेर्शानुसार श्रावणी मेला-2026 के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजनों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग, देवघर द्वारा लगातार सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।
इसी क्रम में मंगलवार को लक्ष्मी चौक, शिवगंगा एवं आसपास के क्षेत्रों में पेड़ा भंडार, भोजनालयों एवं स्ट्रीट फूड प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम का नेतृत्व जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने किया।
जिला खाद्य जांच पदाधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान विभिन्न खाद्य कारोबार प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, मिलावट, स्वच्छता की जांच की गई। त्वरित जांच के आधार पर मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों को मौके पर ही नष्ट कराया गया।
निरीक्षण के दौरान निम्न कार्रवाई की गई
रितेश कुमार के प्रतिष्ठान में मेटानिल येलो रंग की उपस्थिति के कारण लगभग 8 किलोग्राम छोला मौके पर नष्ट कराया गया। इसके अलावा विशाल चाट बर्गर के यहां लगभग 2 लीटर चटनी नष्ट कराई गई।
महावीर पेड़ा भंडार से पेड़ा एवं खोया के दो नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए। प्रतिष्ठान संचालक को खोवा के उचित रख-रखाव एवं भंडारण का निर्देश दिया गया तथा खाद्य सामग्री को दीवार से कम-से-कम 12 इंच की दूरी पर रखने के लिए निर्देशित किया गया।
शिवम पेड़ा भंडार में लगभग 10 किलोग्राम मिलावटी पेड़ा पाया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसके अलावा करीब 55 से 60 किलो ग्राम पेड़ा विभिन्न दुकानों से नष्ट कराया गया। गणेश मारवाड़ी भोजनालय में उपयोग किए जा रहे तेल एवं मसालों की जांच की गई। वैशाली होटल के आवश्यक कराने का निर्देश प्रतिष्ठान संचालक को दिया गया।
कुछ प्रतिष्ठानों का संचालन बंद करने का निर्देश
इसके अलावा कई होटल में अशुद्ध और जले हुए तेल के उपयोग को लेकर नियम संगत कार्रवाई की गई। कई दुकानों में खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन में गंभीर कमी पाए जाने के कारण प्रतिष्ठान का तत्काल संचालन बंद करने का निर्देश दिया गया।
साफ-सुथरे तरीके से भंडारण करने का निर्देश
प्रतिष्ठान संचालक को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जब तक सभी कमियों को नियमानुसार दूर नहीं किया जाता, तब तक प्रतिष्ठान का संचालन नहीं किया जाए। साथ ही होटल परिसर में उचित लगाने, उचित स्वच्छता एवं हाइजीन बनाए रखने, खाद्य सामग्री का व्यवस्थित एवं स्वच्छ तरीके से भंडारण करने तथा आवश्यक ऋरअक छ्रीूल्लरी प्राप्त कर ही खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं संचालन करने का निर्देश दिया गया।खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सभी खाद्य कारोबार संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के निर्धारित मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

# पाकुड़ में दो माह के बच्चे की हत्या पुलिस हिरासत में माता-पिता



**संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिला में सदर प्रखंड के संग्रामपुर गांव में मासूम बच्चे की गला घोंटकर हत्या का मामला सामने आया है। हत्या की सूचना मिलते ही मुफसिल थाना की पुलिस संग्रामपुर गांव पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया।
पुलिस की पूछताछ के क्रम में बच्ची की मां ने अपने पति पर हत्या का आरोप लगाया। वहीं पति ने अपने बचाव में उसकी मां पर ही हत्या का आरोप लगा दिया है। इसी तरह एक दूसरे के खिलाफ आरोप लगाने को लेकर पुलिस ने बच्चे की मां, पिता एवं एक अन्य को हिरासत लेकर थाना में पूछताछ कर रही है। इस घटना की पुष्टि थाना प्रभारी गौरव कुमार ने की।
मुफसिल थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि संग्रामपुर गांव से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने अपने दो माह के बच्चे की गला घोंटकर हत्या कर दी है। जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया और जब बच्चे के परिजनों से पूछताछ शुरू की गयी।
पुलिस पदाधिकारी को एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप कर दिग्भ्रमित करने का काम किया जिस कारण पिता सारजेन शेख, बच्ची की मां एवं नानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक सारजेन शेख एवं उसकी उसकी पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। मंगलवार को जब आसपास के लोग शोर सुनकर पहुंचे तो उनके होश उड़ गये। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी मुफसिल थाना को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गौरव कुमार अन्य पदाधिकारी दलबल पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लिया और तीनों को हिरासत में लेकर थाना में पूछताछ जारी है।
इस वाकये की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव भी मुफसिल थाना पहुंचे और हिरासत में लिए गए लोगो से पूछताछ की।

## भाजपा का झारखंड बंद पूरी तरह विफल रहा : बिट्टू पाठक

**मेट्रोरेज संवाददाता**



**मेदिनीनगर :** झारखंड में भाजपा द्वारा आहूत बंद को लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। झारखंड कांग्रेस कमेटी के राज्य सचिव सह पूर्व जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि भाजपा के झारखंड बंद को छात्रों, युवाओं, अभिभावकों और आम जनता ने पूरी तरह नकार दिया है।उन्होंने कहा कि बंद को अपेक्षित जनसमर्थन नहीं मिलने के कारण भाजपा के कुछ कार्यकताओं ने सड़क पर उतरकर टायर जलाए और मार्ग बाधित करने का प्रयास किया। उन्होंने दावा किया कि पलामू समेत कई स्थानों पर बंद को जनता का समर्थन नहीं मिला और यह पूरी तरह विफल साबित हुआ। बिट्टू पाठक ने आरोप लगाया कि भाजपा छात्रों के आंदोलन को अपने राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने का प्रयास कर रही थी, लेकिन उसमें सफल नहीं हो सकी।
उन्होंने कहा कि छात्र अपनी मांगों को लेकर स्वतंत्र रूप से आंदोलन कर रहे हैं और भाजपा का उन्हें समर्थन मिलने का दावा वास्तविकता से परे है।कांग्रेस राज्य सचिव बिट्टू पाठक ने कहा कि शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर राजनीति करने के बजाय सभी दलों को छात्रों के हित में निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करना चाहिए।

# धनबाद के भटिंडा फॉल में हादसा चाचा-भतीजा की डूबने से मौत

**धनबाद :** जिला में पुटकी थाना क्षेत्र स्थित भटिंडा फॉल में मंगलवार को उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब जन्मदिन मनाने पहुंचे एक परिवार पर अचानक दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पानी में डूबने से चाचा और भतीजे की जान चली गई।
हादसे को लेकर बताया जा रहा है कि भतीजे को डूबता देख चाचा उसे बचाने के लिए पानी में उतर गए लेकिन तेज बहाव के कारण दोनों गहरे पानी में समा गए। हादसे में तीन अन्य लोगों को गोताखोरों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।
मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे जोगता थाना क्षेत्र के मोदीडीह नंबर सात निवासी 38 वर्षीय प्रजीत कुमार पांडेय अपने 14 वर्षीय भतीजे आयुष पांडेय और उसके तीन दोस्तों के साथ भटिंडा फॉल पहुंचे। आयुष का जन्मदिन मनाने के लिए परिवार ने यहां आने का कार्यक्रम बनाया था।



इसी दौरान आयुष पानी के किनारे फोटो लेने पहुंचा। अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। भतीजे को मुश्किल में देख प्रजीत कुमार पांडेय ने उसे बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी। लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण दोनों संभल नहीं सके और देखते ही देखते गहरे पानी में डूब गए।
इस हादसे की खबर मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया, विश्वनाथ बाउरी, मुकेश महतो, लालू महतो, बाबली बाउरी और सुबोध महतो ने पानी में उतरकर तलाश शुरू की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को पानी से बाहर निकाला गया तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मूनीडीह थाना प्रभारी मनीता कुमारी ने बताया कि भटिंडा फॉल में कुल पांच लोग पानी में डूबे थे। गोताखोरों की तत्परता से तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि दो लोगों की मौत हो गई। मृतक आपस में चाचा-भतीजा थे।

# होमगार्ड अभ्यर्थियों का मेडिकल व कागजात सत्यापन 17 से

**संवाददाता**

**धनबाद :** लंबे समय से बहाली प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहे धनबाद के होमगार्ड अभ्यर्थियों के लिए आखिरकार राहत की खबर आई है। जिले में होमगार्ड बहाली अब अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ गई है। चयनित 1096 अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच और मूल प्रमाण-पत्रों के सत्यापन की प्रक्रिया 17 से 31 अगस्त तक चलेगी। इसके साथ ही पुलिस चरित्र सत्यापन और बांड निष्पादन की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। निर्धारित तिथि पर शामिल नहीं हो पाने वाले अभ्यर्थियों को एक सितंबर को अंतिम अवसर दिया जाएगा।
प्रखंडवार अलग तिथियों में होगी जांच
प्रक्रिया की तिथियां
सभी चयनित अभ्यर्थियों को अलग-अलग प्रखंड और मेधा सूची के आधार पर तिथि निर्धारित कर बुलाया गया है। प्रक्रिया समाहरणालय में रोज दिन के 11 बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। 17 अगस्त को पूर्वी टुंडी के 98, 18 को टुंडी व बलियापुर के 98, 19 को कलियासोल व बाघमारा के 110 और 20 अगस्त को निरसा-गोविंदपुर के 112 अभ्यर्थियों का सत्यापन किया जाएगा। 21 अगस्त को तोपचांची के 56 और 22 को एग्यारकुंड व धनबाद ग्रामीण के 114 अभ्यर्थियों की जांच होगी।
तारीखों की सूची
इसके बाद 24 अगस्त को शहरी गैर-तकनीकी धनबाद व चिरकुंडा के 77 अभ्यर्थियों, 25 अगस्त को शहरी गैर-तकनीकी धनबाद की मेधा सूची क्रमांक 1 से 100 तक के पुरुष अभ्यर्थियों, 27 अगस्त को क्रमांक 101 से 200 तक के पुरुष अभ्यर्थियों का सत्यापन होगा। 29 अगस्त को शहरी तकनीकी धनबाद की मेधा सूची क्रमांक 1 से 115 तक के पुरुष अभ्यर्थियों और 31 अगस्त को मेधा सूची क्रमांक 1 से 24 तक की महिला तथा 116 से 201 तक के पुरुष अभ्यर्थियों की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।
बिचौलियों के फेर में न पड़ेंः डीसी
डीसी आदित्य रंजन ने अभ्यर्थियों से किसी भी बिचौलिए के झांसे में नहीं आने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बहाली की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से कराई जा रही है। किसी व्यक्ति द्वारा पैसे लेकर काम कराने का प्रलोभन दिए जाने पर अभ्यर्थी होमगार्ड डीएसपी से शिकायत कर सकते हैं। फर्जी दस्तावेज या धोखाधड़ी का प्रयास करनेवालों के खिलाफ संबंधित कानूनों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# साहिबगंज में गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी रेखा के पार, अलर्ट जारी

**संवाददाता**

**साहिबगंज:** गंगा नदी का जलस्तर मंगलवार को दोपहर बाद चेतावनी रेखा को पार कर गया। जिले में चेतावनी रेखा 26.25 मीटर है लेकिन देर शाम जलस्तर 26.26 मीटर तक पहुंच चुका था जबकि खतरे का निशान 27.25 मीटर है। जैसे ही जलस्तर चेतावनी रेखा से ऊपर पहुंचा, जिला प्रशासन हरकत में आ गया।
उपायुक्त दीपक कुमार दुबे ने एडीसी और एसडीओ के साथ चानन घाट, पुरानी साहिबगंज घाट, मुक्तेश्वर घाट व शकुंतला सहाय घाट का निरीक्षण किया और गंगा के दूसरी ओर रहने वाले ग्रामीणों और बस्तियों के बारे में लोगों से जानकारी ली। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी और अपनी टीम को दियारा क्षेत्र का निरीक्षण करने का आदेश दिया।
बाढ़ से सदर प्रखंड के नौ, राजमहल अंचल के तीन, तालझारी अंचल के दो, बोरियो अंचल के छह, अंचल उधवा के 14 पंचायत प्रभावित होते हैं। सदर अंचल के पंचायत मखमलपुर उत्तर, हाजीपुर पश्चिम, मखमलपुर दक्षिण, गंगा प्रसाद पश्चिम, गंगा प्रसाद पूरब, गंगा प्रसाद पूरब मध्य, गंगा प्रसाद पश्चिम मध्य और हाजीपुर पूरब आदि जलस्तर बढ़ने पर प्रभावित होते हैं।



बाढ़ से जुड़ी आपदाओं से निपटने के लिए जिला प्रशासन को ₹2 करोड़ की राशि दी गई है। बाढ़ के दौरान डूबने की घटनाओं में मुआवजे (₹4 लाख तक) के लिए एक अलग फंड तय किया गया है। संभावित बाढ़ को देखते हुए जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। पशुओं के चारे के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है और पहले की तरह ही तय जगहों पर चारा बांटा जाएगा। बाढ़ पीड़ितों को सूखा राशन देने की तैयारी हो चुकी है। जिला प्रशासन ने इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली है और आदेश जारी होते ही राहत सामग्री बांटने का काम शुरू हो जाएगा। गंगा चेतावनी के निशान को पार कर गई है। इसी के मद्देनजर उपायुक्त ने गंगा घाट का दौरा किया और पहले से बोट एंबुलेंस भी तैयार कर ली गई है, दो गोताखोरों को प्रशिक्षण के लिए बाहर भेजा गया है। अन्य गोताखोरों को अलग-अलग जगहों पर तैनात किया जाएगा। पर्याप्त मोटर बोट उपलब्ध हैं। जरूरत पड़ी तो नाव की व्यवस्था भी की जाएगी।